卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 173 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦3 अप्रैल 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## देश की मजबूती के लिए मोदी का फिर पीएम बनना जरूरी: पाठक

रुद्रपुर(उदसंवाददाता)। भारत देश को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ व ताकतवर देश बनाने के लिए प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाना अति आवश्यक है । कार्यकर्ता अबकी बार 400 पार के नारे को मिशन के रूप में लेकर दिन रात जुटे हुए हैं। यह बात उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के रुद्रपुर स्थित आवास शुक्ला फार्म पर कार्यकर्ताओं से मिलते हुए कही। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक रामपुर के बिलासपुर में जनसभा को संबोधित करने



के पश्चात लौटते हुए पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं से मिले। यहां पहुंचने पर वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश शुक्ला के आवास पर बड़ी संख्या में रुद्रपुर किच्छा व अन्य क्षेत्रों के तमाम कार्यकर्ताओं ने उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक का जोरदार स्वागत किया। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री बलदेव औलख एवं रामपुर के भाजपा जिला अध्यक्ष भी मौजूद थे। स्वागत करने वालों में नानकमत्ता के (शेष पृष्ठ सात पर)

## दीपक बल्यूटिया ने वापस लिया इस्तीफा



हल्द्वानी(उद संवाददाता)। कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता दीपक बल्यूटिया ने उत्तराखण्ड प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा से मुलाकात कर अपना इस्तीफा उत्तराखण्ड प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा के सम्मुख वापस ले लिया। बल्यूटिया ने कहा कि वर्तमान परिस्थिति में देश की प्रबुद्ध जनता अपना मत कॉंग्रेस को देकर लोकतंत्र बचाने, देश बचाने में अहम भूमिका निभाएगी।बल्यूटिया ने कहा कि कॉंग्रेस के शीर्ष नेताओं ने उनकी बात का सम्मान किया वे उनके आभारी हैं और यथा शक्ति वो कॉंग्रेस में रहते हुए पूर्व की भाँति जनसेवा करते हुए स्व० नारायण दत्त (शेष पृष्ठ सात पर)

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मजदूर की मौत

### तीन माह पहले हुई थी शादी, पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल

काशीपुर(उद संवाददाता)। मकान में लेंटर डालते समय हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गयी। मजदूर के शव का पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक की शादी को मात्र तीन माह हुए थे। घटना के बाद से पत्नी का रो रो कर बुरा हाल है। जानकारी के मुताबिक ग्राम स्योदासपुर डिलारी, जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी 32 वर्षीय राकेश कुमार पुत्र सतवीर सिंह पिछले लगभग 10 वर्षों से आरिफ नामक ठेकेदार के अंडर में रहकर मजदूरी करता था। पता चला है कि मंगलवार को वह काशीपुर के गड्ढा कॉलोनी स्थित एक निर्माणाधीन मकान में राजमिस्त्री एवं अन्य मजदूरों के साथ लेंटर डाल रहा था इसी दौरान मकान के ऊपर से होकर गुजर रही हाई टेंशन लाइन कि अचानक चपेट में आने से मजदूर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना मंगलवार लगभग ढाई बजे की बताई जा रही है। घटना की घटे ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने तत्काल मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए उसे पीएम हाउस भेज दिया जहां से पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया गया। मृतक तीन भाई एक बहन है। घटना के बाद से मृतक की नव विवाहिता पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है।घटना में ठेकेदार की लापरवाही सामने आयी है। निर्माणाधीन मकान में लेंटर डालते हुए हाई टेंशन लाइन की चपेट में आकर मजदूर की हुई मौत ने सुरक्षा के सभी दावों को तार तार कर दिया। इस घटना में ठेकेदार की लापरवाही खुलकर सामने आई। मजदूरी (शेष पृष्ठ 7 पर)

## संदिग्ध हालातों में पीएसी कर्मी की मौत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। 40 वीं वाहिनी पीएसी हरिद्वार के कर्मी की यहां 31 वीं वाहिनी पीएसी में संदिग्ध हालातों



में मौत हो गई। हांलाकि उसके साथी मौत के पीछे स्वास्थ्य का खराब होना बता रहे हैं परंतु चिकित्सकों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। जानकारी के अनुसार मूल रूप से ग्राम खोरी खुर्द पोस्ट रायवाला देहरादून निवासी 39 वर्षीय महावीर नेगी पुत्र स्व. उदय सिंह 40 वीं वाहिनी पीएसी हरिद्वार में कार्यरत था वह 2006 में भर्ती हुआ (शेष पृष्ठ सात पर)

## सिडकुल में शव मिलने से सनसनी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल में संदिग्ध हालातों में एक अधेड़ का शव बरामद होने से सनसनी फैल गयी। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पायी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के मुताबिक सिडकुल में लेवर अड्डे के पास झाड़ियों में एक व्यक्ति का शव मिलने की सूचना पर सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन का प्रयास किया लेकिन मृतक की शिनाख्त नहीं हो पायी। मृतक की उम्र करीब पचास वर्ष बतायी जा रही है। चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि मौत के कारणों का पता लगाने के लिए (शेष पृष्ठ सात पर)

## बब्बर खालसा गिरोह की एंट्री के बाद पुलिस की सांसे फूली

■ अनिल सागर

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। बाबा तरसेम सिंह की हत्या के बाद पंजाब के बलवंत सिंह व उनकी पत्नी को इंग्लेंड से प्रतिबंधित बब्बर खालसा संगठन से धमकी मिलने से ऊधम सिंह नगर की पुलिस सक्रिय हो गई है। धमकी में साफ कहा है कि बाबा तरसेम के बाद अब तुम्हारी बारी है। पुलिस बाबा की हत्या का बब्बर खालसा गिरोह से कनैक्शन जोड़कर भी जांच में जुट गई है। बब्बर खालसा गिरोह प्रतिबंधित संगठन है, जो कि पंजाब में ज्यादातर सक्रिय है। बाबा तरसेम सिंह के हत्यारें भी पंजाब व विदेश में ज्यादातर सक्रिय है। कारसेवा



बाबा तरसेम सिंह की जिस तरह रैकी के बाद हत्या को अंजाम दिया गया, उनके तरीके से हत्यारे पेशेवर होने के साथ काफी शातिर थे। वे खुलेआम दिनदिहाड़े कारसेवा डेरे में घुसकर कुछ ही सेकेंड में बाबा की हत्या कर वारदात कर फरार हो गए। बताया जा रहा है फरार बदमाश पीलीभीत के रास्तें शाहजहांपुर में दाखिल हुये , जहां से उनके नेपाल के जरिए विदेश भागने की आशंका है। पुलिस की 14 टीम बाबा के हत्यारों व उनकी मदद करने वालों की तलाश में जुटी है। इधर पंजाब में इग्लेंड से वॉटसअप न0 बब्बर खालासा संगठन से बलवंत सिंह व उनकी पत्नी जान से मारने की धमकी दी है। धमकी देने वालें बाबा तरसेम सिंह का जिक्र करते हुए कहा है कि बाबा के बाद तुम्हारी बारी है। ऐसे में अगर बाबा की हत्या में बब्बर खालसा गिरोह का हाथ हुआ तो ये पुलिस के लिए बड़ी चुनौती साबित होगा। क्योंकि हथियारें भी पंजाब से ताल्लुक रखते है, ऐसे में पुलिस को आशंका है कि तराई बब्बर गिरोंह के गैंग तराई में सक्रिय है। पुलिस ऐसे गिरोह के लोगों को चिन्हित करने में लगी है।

## किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। करीब एक वर्ष पूर्व किशोरी को बहला फुसलाकर उसे अगवा कर ले जाकर उससे दुराचार करने आले आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से अगवा की गई किशोरी को भी बरामद कर लिया। जानकारी के अनुसार नगर के एक मौहल्ले की निवासी किशोरी को गत 1 अप्रैल 2023 को मौहल्ला पहाड़गंज निवासी विपुल पुत्र मंगू बहला फुसलाकर भगा ले गया था। किशोरी के परिजनों ने आरोपी युवक विपुल के विरूद्ध पुत्री को अगवा कर उससे दुराचार करने का मुकदमा दर्ज करा दिया था। बताया जाता है कि विगत दिवस विपुल को उत्तर प्रदेश के थाना किला की पुलिस ने किशोरी सहित संदिग्ध अवस्था में घूमते हिरासत में लिया था और इसकी सूचना यहां कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने थाना किला पहुंचकर विपुल के विरूद्ध दर्ज मुकदमे के दस्तावेज प्रस्तुत किये। जिसके बाद औपचारिकतायें पूर्ण कर पुलिस टीम आरोपी युवक विपुल को अपनी हिरासत में लेकर बरामद किशोरी सहित यहां लौटी। पुलिस विपुल से पूछताछ कर रही है।

## बीस लाख की चोरी का खुलासा,चपरासी गिरफ्तार

रूद्रपुर/जसपुर(उद संवाददाता)। जसपुर में नादेही चीनी मिल कर्मी के सरकारी आवास से से लाखों का सोना और नगदी चोरी के मामले का पुलिस ने छह घंटे के भीतर खुलासा करते हुए चोरी के माल सहित शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। चोरी करने वाला कोई और नही बल्कि घर में ही काम करने वाला चपरासी था। खुलासा करते हुए पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 2 अप्रैल को नादेही मिल के कर्मचारी ने तहरीर देकर कहा था कि अज्ञात चोर एक अप्रैल की रात्रि उसके शुगर मिल नादेही परिसर स्थित सरकारी आवास के बाथरुम के रोशनदान की जाली काटकर घर में घुसे और 22. 5 तोला सोने के जेवर, 3 लाख 60 हजार रूपये की नगदी चोरी करके फरार हो गये। मामले में कोतवाली जसपुर में मुकदमा पंजीकृत किया गया। एसएसपी मंजूनाथ टिसी के निर्देश पर खुलासे के लिए तत्काल टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर घटनास्थल के आस पास पूछताछ कर सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन किया। मामले में पुलिस ने 6 घण्टे के भीतर त्वरित कार्रवाई करते हुए वादी के आवास में विंगत दो वर्षों से चपरासी का कार्य करने वाले संदिग्ध रोहित कुमार पुत्र छोटे सिंह निवासी ग्राम नादेही को पकडकर सख्ती से पूछताछ की। पूछताछ में रोहित ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसकी निशानदेही पर नादेही स्थित रोहित के घर में बीस लाख का समस्त माल बरामद कर लिया।

## मोदी की रैली में नहीं दिखा पहले जैसा दम

### पिछली रैलियों की तुलना में कम रही भीड़, एक लाख की भीड़ जुटाने के दावे हुए फेल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विजय शंखनाद रैली को भाजपाई भले ही ऐतिहासिक बता रहे हो लेकिन हकीकत यह है कि इस बार की रैली मोदी की पिछली रैलियों जितनी भीड़ नहीं जुटा पायी। इसके पीछे कारण जो भी रहे हों लेकिन भीड़ का कम जुटना भाजपा की चुनावी रणनीति पर प्रश्न जरूर लगा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किच्छा बाईपास रोड स्थित मैदान में सबसे पहले साल 2014 में चुनावी रैली की थी। उस समय मोदी का जादू लोगों के सिर चढ़कर बोल




रहा था। जिसके चलते मोदी की इस पहली रैली में ऐतिहासिक भीड़ जुटी। हालत यह थी कि मैदान में पैर रखने तक की जगह नहीं थी। लोग छतों और पेड़ों पर भी चढ़कर मोदी को सुन रहे थे। इस रैली की सफलता के बाद से ही इस मैदान का नाम मोदी मैदान पड़ गया। इसके बाद मोदी ने साल 2017, 2019 और 2022 में भी इस मैदान में महारैलियां की। जो सफल रही। रैली में भीड़ इस बार भी कम नहीं थी लेकिन पहले की रैलियों जितनी भीड़ जुटाने में भाजपाई नाकाम रहे। इस रैली की तैयारी के लिए भाजपाईयों को सिर्फ चार दिन मिले थे, रैली की तैयारियों के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी थी। स्वयं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा भी रैली की तैयारियों के लिए रूद्रपुर में डेरा (शेष पृष्ठ सात पर)

# मतदाता जागरूकता के लिए आयोजित फेसबुक क्विज प्रतियोगिता में करें प्रतिभाग : जोगदंडे

देहरादून(उद संवाददाता)।अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री विजय कुमार जोगदंडे ने मंगलवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस ब्रीफिंग करते हुए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मीडिया के सबंध में दिये गये निर्देशों की जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय उत्तराखंड की ओर से मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता शुरू हो गई है। 17 अप्रैल तक रोजाना सीईओ उत्तराखंड के फेसबुक पेज पर प्रश्न अपलोड किया जाएगा, जिसके सही जवाब देने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा। निर्वाचन कार्यालय के मुताबिक, मतदाता जनजागरूकता के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक में एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। फेसबुक क्विज प्रतियोगिता का 17 अप्रैल 2024 तक सीईओ उत्तराखंड के अधिकारिक फेसबुक पेज पर चलेगी। प्रतियोगिता में प्रत्येक दिन सुबह आठ बजे निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित एक प्रश्न सीईओ उत्तराखंड के आधिकारिक फेसबुक पेज पर अपलोड



किया जाएगा। जिसका उत्तर प्रतिभागी को कमेंट बॉक्स पर देना होगा। एक से अधिक सही उत्तर प्राप्त होने पर लकी ड्रा के माध्यम से पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतिभागी की ओर से सीईओ उत्तराखंड के फेसबुक पेज को लाइक भी करना होगा। तीन अप्रैल से नौ अप्रैल तक के सात प्रश्नों के सही उत्तरों के लिए 10 अप्रैल को लकी ड्रॉ आयोजित किया जाएगा। जिस प्रतिभागी की ओर से अधिक से अधिक सवालों के जवाब दिए जाएंगे, उसको लकी ड्रॉ में उतनी नाम की एंट्री मिलेगी। यानी यदि एक प्रतिभागी तीन अप्रैल से अगले सात दिन लगातार सात प्रश्नों के सही उत्तर देता है तो 10 अप्रैल को होने वाले लकी ड्रॉ में उसे सात एंट्री मिलेंगी। जिससे उसका प्रतियोगिता में जीतने का ज्यादा अवसर होगा। प्रतियोगिता के विजेताओं में प्रथम पुरस्कार के तौर पर पांच हजार रुपये के गिफ्ट वाउचर, द्वितीय पुरस्कार के तौर पर दो हजार रुपये और तृतीय पुरस्कार के तौर पर एक हजार रुपये के गिफ्ट वाउचर दिए जाएंगे।

## मीडिया कवरेज के लिए लेनी होगी अनुमति

देहरादून। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने बताया, आयोग की ओर से मीडिया कवरेज को लेकर भी दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। जिन मीडिया कर्मियों को पास जारी किया जाएगा, वही मतदेय स्थल और मतगणना केंद्र तक जा सकते हैं। पासधारक मीडिया प्रतिनिधियों को बूथ में कवरेज के लिए पीठासीन अधिकारी की अनुमति लेनी जरूरी होगी। यही पास मतगणना केंद्र में उपयोग के लिए लाया जा सकता है। मतगणना केंद्र में प्रवेश की अनुमति की व्यवस्था संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारियों के माध्यम से की जाएगी। मतगणना केंद्र पर एक मीडिया कक्ष की व्यवस्था होगी, जहां पर मीडिया की सुविधा के लिए प्रिंटर, लैपटॉप, एलईडी स्क्रीन की व्यवस्था की जाएगी। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि एग्जिट पोल के संबंध में आयोग ने सख्त निर्देश जारी किए हैं।

# पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने किया राजभवन का भ्रमण

देहरादून (उद संवाददाता)। पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद और राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को राजभवन स्थित राजप्रज्ञेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश एवं प्रदेश वासियों के लिए सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना की। इसके बाद पूर्व राष्ट्रपति और राज्यपाल ने राजभवन स्थित राजलक्ष्मी गौशाला में गायों को रोटी खिलाई। अपने भ्रमण के दौरान पूर्व राष्ट्रपति और राज्यपाल ने हनी प्रोसेसिंग(शहद निकालने की प्रक्रिया)



का अवलोकन किया। राजभवन में एपिस मेलिफेरा प्रजाति की मधुमक्खियां रखी गई है। प्रथम चरण में 12 बक्सों से 63 किलोग्राम शहद प्राप्त हुआ। यह बॉक्स पुष्प प्रदर्शनी के दौरान राजभवन में लगाए गए थे। पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने कहा कि मौन पालन को भी ज्यादा से ज्यादा प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, यहां के शहद की एक अलग पहचान है। शहद के आर्थिक लाभ के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए लाभकारी भी है। इस अवसर पर उन्होंने हनी वैक्स बने उत्पादों का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, उद्यान अधिकारी राजभवन दीपक पुरोहित, अजय सैनी आदि उपस्थित रहे।

# ईडी ने पूर्व मंत्री हरक सिंह और अनुकृति से नहीं की पूछताछ

देहरादून। पाखरो रेंज घोटाले से संबंधित जांच में ईडी की ओर से हरक सिंह रावत और अनुकृति गुसाईं को पेश होने के लिए अब दूसरी तिथि दी जाएगी। ईडी ने उन्हें मंगलवार को पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन इससे पहले ही दोनों को अलग से तिथि दिए जाने की बात ईडी की ओर से कही गई है। जनवरी में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पाखरो रेंज घोटाले से संबंधित जांच में पूर्व वनमंत्री हरक सिंह रावत समेत कई अधिकारियों और नेताओं के घर छापे मारे थे। इस छापे में एक आईएफएस अधिकारी के घर से बड़ी मात्रा में नकदी भी बरामद हुई थी। कुछ अन्य अधिकारियों और नेताओं के घर से सोना व जमीनों के दस्तावेज भी ईडी ने कब्जे में लिए थे। ईडी इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत कार्रवाई कर रही है। इसके बाद ईडी ने बारी-बारी से सभी नेताओं और अफसरों को पूछताछ के लिए अपने ऑफिस बुलाने को नोटिस भेजे थे। इनमें हरक सिंह रावत ने शुरुआत में ईडी से समय मांगा था कि वह चुनाव में व्यस्त रहेंगे, लिहाजा पूछताछ के लिए ईडी ऑफिस नहीं आ सकते हैं। इसी बीच पिछले दिनों ईडी की ओर से हरक सिंह रावत व उनकी पुत्रवधू अनुकृति गुसाईं को क्रमशः मंगलवार और बुधवार को पूछताछ के लिए बुलाने को नोटिस भेजा गया था। लेकिन मंगलवार से पहले ही एजेंसी की ओर से दोनों को बाद में कोई तिथि देने की बात कही गई है। फिलहाल उन्हें पूछताछ के लिए नहीं बुलाया जा रहा है। माना जा रहा कि अब ईडी उन्हें उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद की तिथि दे सकती है।

# कांग्रेस ने पार्टी हाईकमान को भेजी स्टार प्रचारकों की सूची

देहरादून। उत्तराखंड में कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में स्टार प्रचारक नेताओं की रैली कराने की तैयारियां शुरू हो गई है। लोकसभा चुनाव में उतरे कांग्रेस के पांचों प्रत्याशियों की मांग है कि पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा चुनावी रैली कर उनके लिए वोट मांगें। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पार्टी हाईकमान को स्टार प्रचारकों की मांग भेज दी है। इसके अलावा राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सचिन पायलट, इमरान प्रतापगढ़ी, दीपेंद्र हुड्डा, राजा बराड़ की भी चुनावी रैली के लिए प्रत्याशियों की ओर से मांग की गई। गढ़वाल पौड़ी, टिहरी, हरिद्वार, अल्मोड़ा और नैनीताल संसदीय क्षेत्र में स्टार प्रचारकों की चुनावी रैली कराने के लिए प्रत्याशी की मांग हाईकमान को भेजी है। पांचों प्रत्याशियों ने स्टार प्रचारक के रूप में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी की मांग की है। प्रत्याशी चाहते हैं कि राहुल और प्रियंका उनके क्षेत्र में चुनावी रैली या रोड शो कर वोट मांगे। इसके अलावा टिहरी, गढ़वाल, हरिद्वार लोकसभा चुनाव में सचिन पायलट की रैली कराने की मांग की है। नैनीताल सीट पर पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष राजा बराड़ की चुनावी रैली कराने की तैयारी है। कांग्रेस सह प्रभारी दीपिका पांडे ने बताया, पांचों सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार के लिए बड़े नेताओं की चुनावी जनसभाएं होंगी। जल्द ही चुनावी रैलियों का कार्यक्रम तय किया जाएगा। प्रत्याशियों की ओर से राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत अन्य शीर्ष नेताओं की रैली की मांग की गई।

# फूड लाइसेंस की आड़ में बनायी जा रही थी दवाएं, फैक्ट्री सील

रूड़की(उद संवाददाता)। देहरादून से आई ड्रग विभाग की टीम ने एक फैक्ट्री में छापा मारा। फूड लाइसेंस की आड़ में फैक्ट्री में दवाएं बनाई जा रही थीं। टीम ने फैक्ट्री से बड़ी संख्या में दवाएं तैयार करने वाला सामान कब्जे में लेकर फैक्ट्री को सील कर दिया है। रुड़की क्षेत्र में फूड लाइसेंस की आड़ में दवाएं बनाने का धंधा थमने का नाम नहीं ले रहा है। ड्रग विभाग की टीम लगातार इन फैक्ट्रीयों पर कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में देहरादून ड्रग विभाग की टीम को रुड़की के सुनहरा में एक फैक्ट्री में फूड लाइसेंस की आड़ में दवाएं बनाने की शिकायत मिली थी। शिकायत पर विभाग ने गोपनीय तरीके से जांच की तो मामला सही निकला। इस पर टीम ने सुनहरा स्थित फैक्ट्री में पहुंचकर छापा मारा। इस दौरान टीम को फैक्ट्री में बड़ी मात्रा में गड़बड़ी मिली। टीम ने मामले की बारीकी से जांच की तो पता चला कि कैप्सूल बनाने में जो प्लेट्स होते हैं, उनका फैक्ट्री में निर्माण किया जा रहा था। साथ ही कई दवाएं तैयार की जा रही थीं। टीम ने फैक्ट्री के तमाम दस्तावेज चेक कर प्लेट्स के बॉक्स और ड्रम को कब्जे में लेकर गंगनहर कोतवाली में रखवा दिए जबकि फैक्ट्री को सील कर दिया है। असिस्टेंट ड्रग कंट्रोलर सुधीर कुमार ने बताया कि फूड लाइसेंस की आड़ में फैक्ट्री में दवाएं तैयार की जा रही थीं। फैक्ट्री के मालिक हैदराबाद निवासी हैं। इसके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। साथ ही कानूनी कार्रवाई की भी तैयारी की जा रही है। इस दौरान औषधि निरीक्षक नीरज कुमार, इंस्पेक्टर जगदीश रतूड़ी, संजय नेगी और योगेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# पूछताछ के लिए आईएसआईएस एजेंट हारिस को लेकर देहरादून पहुंची एनआईए की टीम

देहरादून(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आईएसआईएस के भारत प्रमुख हारिस फारुकी से देहरादून में कई स्थानों पर ले



जाकर पूछताछ की। इस दौरान टीम उसे लेकर हारिस के घर भी पहुंची थी। इसके साथ ही लक्खीबाग पुलिस चौकी में भी एनआईए ने हारिस से पूछताछ की। कई दौर की पूछताछ के बाद एनआईए हारिस को लेकर मंगलवार की सुबह देहरादून से दिल्ली के लिए रवाना हो गई। बता दें कि पिछले दिनों असम की एसटीएफ ने देहरादून निवासी हारिस फारुकी को गिरफ्तार किया था। हारिस को आतंकी संगठन आईएसआईएस का भारत प्रमुख बताया जा रहा है। बताया गया था कि हारिस ने देशभर में धमाकों के लिए कई स्थानों को चिह्नित किया था। पुलिस इंटेलिजेंस को भी इस बात की भनक लगी थी। इसके लिए स्थानीय पुलिस और राज्य की एसटीएफ भी हारिस की तलाश कर रही थी। इस बीच पता यह भी चला कि हारिस पिछले साल जुलाई माह में देहरादून भी आया था। असम एसटीएफ ने हारिस से जरूरी पूछताछ के बाद उसे एनआईए को सौंप दिया था। अब एनआईए ने उसकी कस्टडी लेकर कई दौर में पूछताछ की। इस बीच एनआईए हारिस को लेकर सोमवार को देहरादून पहुंची थी। एनआईए की टीम हारिस को उन सब जगहों पर लेकर गई, जहां पर वह जुलाई में आया था। हारिस को उसके घर भी ले जाया गया था। बताया जा रहा है कि हारिस के सामने उसके परिजनों से भी जानकारी जुटाई गई है। लेकिन, बीते 10 वर्षों से हारिस का अपने परिजनों से कोई संपर्क नहीं था। ऐसे में जरूरी पूछताछ के बाद एनआईए उसे लक्खीबाग पुलिस चौकी लेकर आई जहां फिर उससे पूछताछ की गई। इसके बाद एनआईए मंगलवार तड़के उसे लेकर दिल्ली के लिए रवाना हो गई।

# बाबा तरसेम पर लगे थे पूर्व डीजीपी की शह पर मुकदमा कराने के आरोप!

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड के पूर्व चर्चित डीजीपी की शह पर बाबा तरसेम सिंह पर थाने में मुकद्वमें दर्ज कराने के आरोप लगे थे। नानकमत्ता थाने में बाबा के विरोधियों ने दो मुकदमे एक ही दिन में दर्ज कराए थे, ये दोनों वर्तमान में कनिष्ठ ब्लाक प्रमुख के पति की हत्या के मुकदमे में जेल में सजा काट रहें है। जिसमें बाबा के आरोप थे कि इनमें कई मुकदमे तराई महासभा एवं उत्तराखण्ड के पूर्व डीजीपी की शह पर बाबा के विरोधियों से ऊधम सिंह नगर में चर्चित रहें एक थानेदार ने दर्ज किए। इसी थानेदार ने एक आईपीएस के खिलाफ भी रिटायर होने से दो दिन पूर्व मुकदमा दर्ज कराकर उत्तराखण्ड पुंलिस में हड़कम्प मचा दिया था। इसी दिन चर्चित डीजीपी नानकमत्ता भी आए थे, और उस समय चर्चा थी कि वह बाबा के विरोधियों से भी मिले थे। आईपीएस के खिलाफ दर्ज एफआईआर में चर्चित थानेदार ने एक धर्मगुरू का भी जिक्र कर आरोप लगाए थे। हालांकि इनमें कई मुकदमें में जांच में बाबा को क्लीन चिट मिल गई थी। ये थानेदार तब डीजीपी के खासमखास माने जाते हैं, वर्तमान में पर्वतीय जिलें में बनवास में बताए जा रहें है। तब ऊधम सिंह नगर कप्तान और चर्चित डीजीपी में छत्तीस के आंकड़े के खबरें सुर्खियों में थी। मामला राजभवन पहुंचा तो सीबीसीआई जांच के आदेश दिए गऐ थे। **थाने में समाधी लगाने पहुंचे थे बाबा तरसेम :** बाबा तरसेम सिंह के खिलाफ दर्ज मुकदमे के विरोध में कारसेवा बाबा के समर्थक भड़क उठे थे तब उनके सर्मथक थाने में थानेदार के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने पहुंच गए थे। बाबा ने अपने खिलाफ दर्ज मुकदमें को फर्जी बताते हुये थाने में समाधी लगाने की धमकी के बाद पुलिस प्रशासन के हाथ पॉव फूल गए थे। कड़ी मशक्कत व उच्चधिकारियों के जांच के आश्वासन के बाद बाबा ने समाधी लगाने का निर्णय वापस लिया।

# जेपी नड्डा हरिद्वार में पांच अप्रैल को चुनावी जनसभा और रोड शो करेंगे

हरिद्वार। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा पांच अप्रैल को धर्मनगरी से चुनाव प्रचार की शुरुआत करेंगे। उनके आगमन को लेकर पार्टी के पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने तैयारी शुरू कर दी है। जनसभा को संबोधित करने से पूर्व भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के कई कार्यक्रम होना है। इसमें मां माया देवी के दर्शन, संतों से संवाद और बूथ कार्यकर्ताओं को भी वह संबोधित करेंगे। आयोजन की तैयारी में जुटे नगर विधायक मदन कौशिक ने बताया कि पार्टी के जिला कमेटी की ओर से सभी को दायित्व सौंपा गया है। आर्यनगर चौक से ऋषिकुल ग्राउंड तक रोड शो होगा। रोड शो शंकर आश्रम चंद्राचार्य चौक पुराना रानीपुर मोड़ होते हुए ऋषिकुल पर पहुंचेगा। यहां पर लोकसभा के शक्ति केंद्र और बूथ स्तर के पदाधिकारी के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में प्रत्येक विधानसभा और प्रत्येक बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को शामिल किया जाएगा।

# आठ और नौ अप्रैल को 85 प्लस वृद्ध, दिव्यांग वोटर घरों से करेंगे मतदान

सितारगंज(उद संवाददाता)। विधानसभा क्षेत्र में 85 प्लस, दिव्यांग मतदाता 8 और 9 अप्रैल को घर में मतदान करेंगे। इन मतदाताओं के घरों को ही पोलिंग बूथ बनाया जा रहा है। विभिन्न राजनीतिक पार्टियां पोस्टल वोटिंग के दौरान खुद के एजेंट भी निर्धारित कर सकती हैं। विधानसभा क्षेत्र में 103 असहाय 85 प्लस और दिव्यांग मतदाता है। रिटर्निंग ऑफिसर ने इन समस्त मतदाताओं की सूची तैयार कर ली है। जिनमें 79 उम्रदराज 85 प्लस और 31 शारीरिक रूप से चालीस फीसदी विकलांग मतदाता सम्मिलित है। समस्त 103 मतदाताओं के लिए घरों को ही पोलिंग बूथ बनाया जा रहा है। 8 और 9 अप्रैल को वोटिंग होनी है। जिसमें निर्वाचन आयोग के नियमों के अनुसार पोलिंग पार्टियों, वीडियोग्राफी, गोपनीयता आदि बिंदुओं के आधार पर मतदान होना है। एसडीएम ने बताया कि विभिन्न राजनीतिक दल 89 अप्रैल को होने वाली वोटिंग में एजेंट भी नियुक्त कर सकती हैं।

# क्षेत्र के लेखपालों को दिए निर्देश

सितारगंज (उद संवाददाता)।आय, जाति, स्थाई प्रमाण पत्र निर्गत करने वाले आवेदकों को बड़ी राहत मिली है। एसडीएम ने परगना क्षेत्र के समस्त आठ लेखपालों को आय, जाति, स्थाई प्रमाण पत्रों पर रिपोर्ट लगाने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद आय, जाति, स्थाई प्रमाण पत्रों के लिए आवेदकों को भटकना नहीं पड़ेगा। विभिन्न मांगों को लेकर लेखपालों ने आय जाति स्थाई प्रमाण पत्रों पर रिपोर्ट लगाने को लेकर कार्य बहिष्कार कर दिया था। जिससे हाहाकार मच गया था। कार्य बहिष्कार के चलते अभिभावक बच्चों का स्कूलों में शिक्षा का अधिकार आदि नियमों के तहत प्रवेश नहीं दिला पा रहे थे। इस वजह से जन समस्याएं उत्पन्न हो रही थी। बुधवार को एसडीएम रविंद्र कुमार ने लेखपाल राम अवतार, शेखरचंद आर्य, दीपक महर, भूपेंद्र बिष्ट, दीपक वर्मा, भागीरथ लाल, राजीव दुबे, आकांक्षा जोशी को उनके हल्का क्षेत्र रमपुरा, सितारगंज समेत परगना के समस्त ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले आवेदकों के आय, जाति, स्थाई प्रमाण पत्रों के फार्म पर रिपोर्ट लगाने के निर्देश दिए हैं। एसडीम रविंद्र कुमार ने बताया कि समस्त लेखपाल खुद के क्षेत्र के अनुसार आवेदनों पर रिपोर्ट लगाएंगे।

# हरिद्वार संसदीय सीट पर तेज हुई सियासी वर्चस्व की जंग

## भाजपा के त्रिवेंद्र और कांग्रेस से वीरेंद्र के बीच हो सकती है कांटे की टक्कर



हरिद्वार। हरिद्वार संसदीय सीट का मिजाज बड़ा अनोखा है। इस सीट पर प्राय: बाहरियों का बोलबाला रहा है। 2004 में सपा के स्थानीय प्रत्याशी को जीत मिली थी। इसके बाद बाकी चुनावों में बाहरी प्रत्याशी जीते। आजादी के बाद यह क्षेत्र देहरादून और सहारनपुर संसदीय क्षेत्र का भाग था। सहारनपुर निवासी अजीत प्रसाद जैन और देहरादून निवासी महावीर त्यागी यहां से सांसद रहे। महावीर त्यागी जवाहर लाल नेहरू मंत्रिमंडल में भी शामिल रहे। आपातकाल के पश्चात 1977 में हरिद्वार उत्तर प्रदेश की सुरक्षित संसदीय सीट बनी। हरिद्वार के डॉ. भगवान दास सांसद बने। फिर बिजनौर के गिरधारी लाल और वहीं के सुंदर लाल को सांसदी मिली। सुंदर लाल के असामयिक निधन से 1987 में संसदीय उपचुनाव हुआ। इसी उपचुनाव में ऐसे दो नेताओं का प्रवेश हरिद्वार की राजनीति में हुआ जो बाद में देश की राजनीति में छाए रहे। ये थे रामबिलास पासवान और वर्तमान बसपा सुप्रीमो मायावती। यह और बात है कि दोनों को ही नागल के राम सिंह मांडेबांस ने बुरी तरह हरा दिया। पासवान तो फिर इस सीट पर नहीं आए, लेकिन मायावती 1991 में फिर से भाग्य आजमाने आईं। इस बार भी मांडेबांस ने उन्हें बुरी तरह हरा दिया। दो बार पराजित होने के बाद मायावती ने फिर कभी भी हरिद्वार का रुख नहीं किया। हालांकि, अपना प्रिय नारा 'तिलक तराजू और तलवार, इनको मारो जूते चार' पहली बार उन्होंने हरिद्वार के ज्वालापुर में ही दिया था। बाद में यही नारा बसपा के उत्तर प्रदेश और मायावती के देशव्यापी प्रभाव का आधार बना। उत्तराखंड में शामिल किए जाने के बाद 2004 में केवल एक बार जिला निवासी राजेंद्र बाड़ी हरिद्वार के सांसद बने। उसके बाद तो कभी अल्मोड़ा के हरीश रावत और कभी पौड़ी के डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक को हरिद्वार का सांसद बनने का अवसर मिला। निशंक को तो मोदी कैबिनेट के टॉप पांच में शामिल होने का सम्मान भी मिला। मतलब दोनों पूर्व मुख्यमंत्री हरिद्वार का सांसद बन पाने में सफल हुए। वहीं, इस बार फिर से एक और पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत हरिद्वार से किस्मत आजमा रहे हैं। पूर्व सीएम हरीश रावत स्वयं तो नहीं आए, उनके बेटे वीरेंद्र रावत चुनाव मैदान में उतारे गए हैं। हालांकि यहां विभिन्न दलों के सबसे अधिक उम्मीदवारों ने ताल ठोकी हुई है। ऐसे में भाजपा और कांग्रेस


क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-

विजय आयुर्वेद क्लीनिक पंचकर्म सेन्टर

निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभव:-

पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, शक्राणुओं की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग

असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।

DR. VIJAY PRAKASH MISHRA M.D. (Ayurveda) Mob.: 9410897970

DR. ASHWINI MISHRA M.D. (Ayurveda) स्त्री एवं त्वचा रोग

मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)

होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।


## वाहन की टक्कर से तेंदुए की मौत

बाजपुर। गांव रतनपुरा कोसी कांटा मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से वयस्क तेंदुए की मौत हो गई। कुछ ही देर में वहां भीड़ जमा हो गई और गांव कुछ युवकों ने मृत तेंदुए के संग सेल्फी लेकर वीडियो बनाई। सूचना पर पहुंची जंगलात की टीम ने तेंदुए के शव को चूनाखान सेंटर ले गई जहां डाक्टरों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया। मंगलवार सुबह सुल्तानपुर पट्टी क्षेत्र के गांव रतनपुरा कोसी कांटा मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से तेंदुए की मौत हो गई। सूचना पर वन क्षेत्राधिकारी विजेंद्र अधिकारी जंगलात टीम के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों से घटना की जानकारी ली। इसके बाद टीम तेंदुए के शव को चूनाखान सेंटर लेकर पहुंची जहां डॉ. आयुष उनियाल, डॉ. राहुल सती ने तेंदुए के शव का पोस्टमार्टम किया। रेंजर ने बताया कि मृत तेंदुआ वयस्क नर था जिसकी उम्र करीब चार साल और लंबाई 193 सेंटीमीटर थी। बताया कि पोस्टमार्टम के लिए बाद तेंदुए के शव को जलाकर नष्ट कर दिया गया। इस मौके पर एनजीओ के पदाधिकारी मौजूद रहे।


आवश्यकता है
एक एकाउंटेंट की
जिसे टैली एवं एम.एस. एक्सेल का अनुभव हो।
वेतन योग्यतानुसार
-:संपर्क करें:-
गर्व टैक्सटाइल एजेन्सी
हरि मंदिर गली, रूद्रपुर
मो. 7017693711, 9927456927


# रिटायर अध्यापकों को दी भावभीनी विदाई

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सिद्धा में संकुल नानकमत्ता एवं संकुल नगला से सेवानिवृत हुए शिक्षकों का विदाई सम्मान समारोह आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ. कार्यक्रम का संचालन के. एन .अटवाल प्रधानाध्यापक राजकीय प्राथमिक विद्यालय बंगाली कॉलोनी द्वारा किया गया। सी. आर.सी .समन्वयक जसोद मेहता ने सेवानिवृत्ति शिक्षक शिक्षिकाओं का स्वागत माल्यार्पण कर किया। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष दिनेश सिंह द्वारा सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया. तथा प्रधानाध्यापक निमाई चंद्र मांझी जी द्वारा भी सभी शिक्षकों की ओर से सेवानिवृत शिक्षकों को शाल उढाकर सम्मानित किया तथा सभी शिक्षकों की ओर सेवानिवृत शिक्षकों को श्रीमद् भागवत गीता स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की गई।सेवानिवृत होने वाले शिक्षक राधे सिंह राणा प्रभारी प्रधानाध्यापक



राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सिद्धा दयाशंकर शर्मा राज . उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिचवा रमाकांत आचार्य प्रभारी प्रधानाध्यापक मटिहा ,अर्जुन सिंह राणा प्रधानाध्यापक खेमपुर एवं श्रीमती प्रीतम कौर प्रधानाध्यापिका राजकीय प्राथमिक विद्यालय तपेड़ा ने उपस्थित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा प्रदान किए गए सम्मान की भूरि भूरि प्रशंसा की तथा सदन में उपस्थित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर सोवरन सिंह राणा प्रधानाध्यापक राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय डियूढी , सूरज सक्सेना , राकेश सुमन, नरेश राना, कुंवर सिंह राणा, वीरेन्द्र सिंह, कांता उपाध्याय, नील कमल, गुरसरन सिंह,दयाशंकर शर्मा,राधे सिंह राणा,प्रीतम कौर अर्जुन सिंह राणा रमाकांत आचार्य आदि निमाई चंद माझी ने अपने विचार व्यक्त किए एवं विद्यालय तथा छात्र हित में और अधिक निष्ठा के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

# धोखाधड़ी में अधिवक्ता समेत पांच पर केस दर्ज

देहरादून में 93 लाख रुपये की धोखाधड़ी में अधिवक्ता समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों ने पीड़ित को एक जमीन पर प्लॉटिंग कर मोटी कमाई का लालच दिया था। इसके लिए उन्होंने जाली दस्तावेजों का सहारा लिया। रायपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसओ रायपुर कुंदन राम ने बताया कि लक्ष्मण चौक निवासी अशोक कुमार अग्रवाल ने इस मामले में शिकायत की थी। आरोप है कि अधिवक्ता विकेश नेगी ने 29 दिसंबर 2022 को कचहरी परिसर में अपने चौंबर में मुलाकात कर प्रलोभन भरा प्रस्ताव दिया। उन्हें लाडपुर स्थित नौ बीघा भूमि पर प्लॉटिंग करने कर कमाई का झांसा दिया गया था। इसके लिए उन्होंने 93 लाख रुपये हड़प लिए। इसके लिए उन्होंने फर्जी हस्ताक्षर करके जमीन संबंधित रसीदें बनाई हैं। देहरादून रजिस्ट्री कार्यालय के दस्तावेजों की जांच ऑनलाइन की गई तब पता चला कि जमीन के एक छोटे भाग की लगभग नौ रजिस्ट्रियां कराई गई हैं। पैसा मांगने चौंबर पर गए तो विकेश नेगी ने एक व्यक्ति का परिचय योगेंद्र कुमार उपाध्याय के गुर्गे के रूप में कराते हुए बताया कि यह शॉर्प शूटर है। बताया कि उसने कई हत्याएं की हैं। इस दौरान धमकी भी दी गई। जमीन बेचने के नाम पर धोखाधड़ी के आरोप में अधिवक्ता विकेश नेगी, ड्राइवर दीपक, कमल प्रसाद निवासी लक्ष्मी रोड, योगेंद्र कुमार उपाध्याय उर्फ रोजी और कुमारी गीती प्रसाद निवासी सिविल लाइन बरेली उत्तर प्रदेश व अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## खोये मोबाइल व पर्स को लौटाकर मित्र पुलिस ने दिखाई मानवता

बागेश्वर(उद संवाददाता)। कोतवाली बागेश्वर व थाना बैजनाथ में नियुक्त पुलिस कर्मियों ने बाजार में खोये मोबाइल व पर्स को सम्बन्धित स्वामी को लौटाकर मित्र पुलिस आमजन की मित्र और मानवीयता का परिचय देती है इसको साकार किया है। थाना कोतवाली बागेश्वर में नियुक्त आरक्षी नरेन्द्र गोस्वामी को ड्यूटी के दौरान मण्डलसेरा बाइपास सड़क मार्ग पर एक डवतजवसं ळ14 स्मार्ट मोबाइल फोन गिरा हुआ मिला।जिसके बाद आरक्षी नरेंद्र द्वारा इमानदारी /मानवता का परिचय देते हुए मोबाइल स्वामी को थाने में बुलाकर मोबाइल फोन को उसके सुपुर्द किया गया।वही थाना बैजनाथ के चीता मोबाइल के सिपाही सुरेंद्र कुमार द्वारा थाना बैजनाथ क्षेत्र की एक महिला मनीषा देवी निवासी रौलयाना तहसील गरुड़ थाना बैजनाथ का पर्स मय आवश्यक कागजात के कहीं खो जाने की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए गरुड़ बाजार क्षेत्र में संभावित स्थानों पर ढूढ़खोज/पूछताछ करते हुए काफी मेहनत व प्रयासों से महिला का खोया हुआ पर्स सही सलामत बरामद कर महिला उपरोक्त के सुपुर्द किया गयास जिसके बाद महिला को सकुशल पर्स मिलने और मोबाइल स्वामी को उसका मोबाइल मिलने पर उन्होंने मित्र पुलिस की सराहना की और आभार जताया।

## धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

गरुड़(उद संवाददाता)। राजकीय आदर्श जूनियर हाईस्कूल उड़खुली ने वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया। इस मौके पर मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य गोविंद प्रसाद कुनियाल ने कहा कि इस प्रकार के समारोह बच्चों की प्रतिभा निखारने में सहायक सिद्ध होते हैं। अति विशिष्ट अतिथि पोस्ट मास्टर मोहन चंद्र जोशी व स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी डॉ हरीश दफौटी ने कहा कि बच्चे कड़ी मेहनत से लक्ष्य हासिल करें। एसएमसी अध्यक्ष महेश चंद्र की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों के मन मोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नुक्कड़ नाटक व भजनों से शमां बांध दिया। बच्चों को प्रधानाध्यापक शंकर लाल टम्टा ने आर्कषक पुरस्कार देकर सम्मानित किया।


जगदीश कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड, गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817


## प्रतिष्ठा का नवोदय के लिए चयन

गरुड़(उद संवाददाता)। विकासखंड का सुदूरवर्ती विद्यालय राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय पिंगलों की छात्रा प्रतिष्ठा जोशी का जवाहर नवोदय में चयन



हो गया है। छात्रा के चयन पर बीईओ कमलेश्वरी मेहता, एसएमसी अध्यक्ष सुशीला देवी, प्रधानाध्यापिका नीता अल्मिया, पंकज यादव,पूनम सारस्वत, पायल जोशी, हेमलता जोशी, गीता, मंजू, दीपा, ममता, भगत सिंह आदि ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। हर्ष विद्यालय की प्रधानाध्यापिका नीता अल्मिया ने बताया कि वर्ष 2016 से लगातार उनके विद्यालय के बच्चे जवाहर नवोदय, राजीव नवोदय व हिम ज्योति देहरादून के लिए चयनित हो रहे हैं। प्रतिष्ठा जोशी ने इस वर्ष सैनिक स्कूल की लिखित परीक्षा में भी 87 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

## महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने ली शत प्रतिशत मतदान की शपथ

गरुड़(उद संवाददाता)। सुमित्रानंदन पंत राजकीय महाविद्यालय गरुड़ में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के स्वीप नोडल अधिकारी डॉ अवधेश तिवारी ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 में सभी मतदाता छात्र छात्राओं को मतदान करने की अपील की।लोकतंत्र का पर्व, देश का गर्व बताते हुए भारत निर्वाचन आयोग के शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य के लिए सभी छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर प्रेमलता कुमारी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों को अपने-अपने गांवों में मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान कराने तथा बूथ पर जाकर मतदान के दिन अशक्त मतदाताओं को सहयोग करने की अपील की। स्वीप नोडल प्रभारी डॉ अवधेश तिवारी ने समस्त छात्र-छात्राओं को मतदान की शपथ दिलाई। इस दौरान प्रोफेसर अंजली पुनेरा, डॉ शिवप्रकाश राय, डॉ करूणा मिश्रा, डॉ लता आर्या, रेखा कुमारी, शेर राम टम्टा, डॉ वीरेंद्र सिंह, चेतन जोशी, नरेंद्र, शुभम, चिन्मय पांडे ,रवीना,विनीता, दीपांकर बड़सीला आदि उपस्थित थे।

## दूबे पर तेंदुए ने किया हमला

पन्तनगर(उद संवाददाता)। समाजसेवी पवन दूबे अपने कार्यस्थल कृषिवानिकी अनुसंधान केन्द्र के रेलवे स्टेशन के समीप प्रक्षेत्र में दो कर्मी महेन्द्र पासवान और रवि मंडल के साथ अनुसंधान संबंधित डाटा कार्य कर रहे थे। कुछ दूर पर केन्द्र के अन्य कर्मी सूखे पेड़ केन्द्र पर लाने के लिए ट्रैक्टर में लोड कर रहे थे। पवन ने बताया कि उन्होंने पहले भैंस के चिल्लाने की आवाज सुनी जो लगातार आ रही थी और फिर कुछ देर में भैंस पवन के बगल से दौड़ते हुए निकल गयी, उनको शक हुआ और उन्होंने अपनी बाईक स्टार्ट की और क्षेत्र से बाहर निकल कर रेलवे स्टेशन की सड़क पर आ गये इतनी देर में तेन्दुआ तेजी से दौड़ते हुए पवन के पैरों के पास से घूम कर वापस प्रक्षेत्र में चले गया। पवन ने देखा कि दो कर्मी सतेन्द्र व सुभाष जो सूखे पेड़ लाने गये थे वह सड़क पर पैदल आ रहे हैं तो पवन ने बाईक वापस मोड़ी और उनको बैठाकर केन्द्र के पास ले आये उसके बाद तुरन्त अन्य को फोन कर जानकारी दी इतने में तेन्दुआ फिर आया और एयरपोर्ट की दीवार पर एक छलांग में चढ़कर उसके अन्दर कूद गया। पवन ने इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारी राजू दास को एवं केन्द्र के सयुंक्त निदेशक डॉ० आशुतोष दुबे को दी है।

# मोदी ने पूछा, कैसे हैं हालचाल: तराई के साथ साधा पहाड़ी वोटबैंक





रुद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुमाऊंनी भाषा में कैसो हेरो हो हाल चाल (कैसा हालचाल है) कहकर अपने भाषण की शुरुआत की। जबकि भाषण के अंत में लोगों से अपील की कि जब अब अपने गांव जाएं तो देवी देवताओं के आगे उनकी तरफ से माथा टेके और गांव के सभी परिजनों तक उनका प्रणाम पहुंचाएं। मंगलवार को मोदी मैदान में विजय शंखनाद रैली में पीएम मोदी ने कुमाऊं की प्रमुख देवी मां नंदा, न्याय के देवता गोल्ज्यू और गढ़वाल की प्रमुख देवी मां राज राजेश्वरी के जयघोष से संबोधन का आगाज किया। कहा कि देवभूमि के हर गांव से मिल रहे प्यार और आशीर्वाद के लिए वह हृदय से आभारी हैं। मिनी इंडिया कहे जाने वाले क्षेत्र में चुनावी सभा हो रही है। अपना जुड़ाव प्रदर्शित करते हुए कहा कि वह जब उत्तराखंड की पवित्र धरती पर आते हैं तो खुद को बहुत धन्य महसूस करते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को आगे ले जाने में केंद्र की भाजपा सरकार कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। वहीं राजा रुद्रचंद्र की धरती पर पांचवीं बार पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तराई के साथ ही पहाड़ को भी साधा। जिले से सटी इन दोनों सीटों की विधानसभा क्षेत्रों से भी बड़ी तादाद में लोग मोदी को सुनने पहुंचे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 35 मिनट के भाषण में हर वर्ग के मर्म को छूने की भरपूर कोशिश की। उत्तराखंड के लोगों से कुमाउंनी भाषा में जहां लोगों तक पहुंचने की कोशिश की तो युवाओं के सपने को मोदी का संकल्प भी बताया। पीएम मोदी ने युवा, महिला, किसान, सिख समुदाय सहित पूर्व सैनिकों को रिझाने की कोशिश की। मोदी मैदान पर आयोजित विजय संकल्प रैली में बड़ी तादाद में सिख समुदाय के लोग पहुंचे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिख समुदाय से अपने जुड़ाव साझा किए। पीएम मोदी ने कहा कि इस धरती का संबंध तो गुरुनानक, गुरु गोविंद सिंह व गुरु रामराय से है। आज तक किसी भी दल ने सिख समुदाय के धार्मिक स्थल करतारपुर की सुधि नहीं ली थी। भाजपा ने करतारपुर कॉरीडोर बनाकर सिख समुदाय की राह आसान कर दी। पीएम मोदी ने कहा कि उत्तराखंड की भूमि वीर सपूतों को जन्म देती है। उन्होंने उत्तराखंड के वीर सपूत बिपिन रावत का अपमान करने का बड़ा आरोप लगा कांग्रेस पर वार किया। फौजी परिवारों को भी उन्होंने रिझाया। कहा कि मोदी ने सैनिक परिवारों को वन रैंक-वन पेंशन का लाभ दिया। आज तक कि सरकारें सैनिकों को सुविधाएं भी न दें पाई। आधी आबादी को साधते हुए कहा कि आज मोदी की देन है कि गांव-गांव बहने लोन बांटने का काम कर रही हैं। उन्होंने एनआरएलएम के जरिए महिलाओं को दिए जा रहे लाभ की ओर इशारा किया। उत्तराखंड में पीएम मोदी ने 10 साल में लोकसभा चुनाव की तीन रैलियों में कुमाऊं मंडल की दो सीटों के प्रत्याशी एक साथ मंच पर दिखे। लोकसभा चुनाव 2014 और 2019 के चुनाव में रुद्रपुर में हुई रैली में सिर्फ नैनीताल-ऊधमसिंहनगर सीट के प्रत्याशी ही मंच पर मौजूद रहे थे। इस बार की रैली में नैनीताल सीट से पार्टी प्रत्याशी अजय भट्ट के अलावा अल्मोड़ा संसदीय सीट से प्रत्याशी अजय टम्टा भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांचों सीट पर खड़े प्रत्याशियों के नाम लेकर उनको वोट देने की अपील की। कुमाऊं की दोनों संसदीय सीटों के प्रत्याशियों ने भी संबोधन कर जनता से वोट अपील की। अपने प्रधानमंत्री को देखने व सुनने आए लोगों से खचाखच भरे मोदी मैदान में युवाओं की अधिकाधिक संख्या देख पीएम मोदी ने युवा वर्ग से अपने आप को जोड़ा। उन्होंने कहा कि यह वीर सपूतों की धरती है। पीएम मोदी ने नौजवानों से कहा कि 'आप का सपना ही मोदी का संकल्प' है।

## 400 पार महज नारा नहीं यह नए भारत की चाबी: धामी

रुद्रपुर। रूद्रपुर में आयोजित भाजपा की विजय शंखनाद रैली में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भाजपा उत्तराखंड की पांचों सीटों पर भारी मतों से जीत दर्ज करने जा रही है। 400 पार महज नारा नहीं यह नए भारत की चाबी है। मंगलवार को हुई रैली में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने बुलंदियों को छुआ है। मोदी ने 140 करोड़ लोगों को अपना परिवार मानकर काम किया है। दस साल के नए भारत की यात्रा के हम सब साक्षी हैं। मोदी के नेतृत्व में कोरोना महामारी का सफलतापूर्वक सामना किया है। नया भारत विश्व शक्ति बनने की ओर



तेजी से बढ़ रहा है। सीएए, धारा 370 हटाने, सर्जिकल स्ट्राइक, श्रीराम के भव्य मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा सहित कई ऐसे फैसले हुए हैं, जो सदियों तक याद रखे जाएंगे। सीएम ने कहा कि मोदी का उत्तराखंड से लगाव किसी से छिपा नहीं है। उनके हृदय में उत्तराखंड बसता है। केंद्र सरकार ने उत्तराखंड के विकास के लिए दो लाख करोड़ की योजनाएं दी हैं। कांग्रेस ने जनता को वर्षों तक लूटने का काम किया है। कांग्रेस अपने राजकुमार को बारबार लांच करने की असफल कोशिश कर चुकी है। मोदी को हटाओ, गांधी परिवार को बचाओ का नारा देती है। उन्होंने कहा कि विकास की राह पर निकल पड़ा है देश, मोदी जी के नेतृत्व में चल पड़ा देश। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने सभी का आभार जताया। मंच का संचालन कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने किया।

# कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी से पूछे दस सवाल

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को रुद्रपुर से चुनावी शंखनाद कर हुंकार भरी। उधर उत्तराखंड कांग्रेस ने भाजपा पर निशाना साधते हुए उत्तराखंड से जुड़े छह सवाल पीएम मोदी से पूछे हैं। पीएम मोदी के उत्तराखंड आगमन पर कांग्रेस ने भाजपा पर सवालों की झड़ी लगा दी। उत्तराखंड की कांग्रेस सह प्रभारी दीपिका पांडे ने मंगलवार को प्रेस वार्ता कर कहा की प्रधानमंत्री को जनमानस के उन प्रश्नों के उत्तर देने चाहिए जिसके लिए उनकी डबल इंजन की सरकार के नेता किसी न किसी रूप में जिम्मेदार हैं। कांग्रेस नेता ने कह अपनी पार्टी एवं देश के शीर्ष नेता होने



के नाते उनकी जवाबदेही बनती है। कांग्रेस ने सवालों को गिनाते हुए पूछा कि उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी हत्याकांड का वीआईपी नेता कौन? करोड़ों देशवासियों की आस्था का केंद्र बाबा केदारनाथ धाम में 230 किलो गायब सोने का दोषी कौन? उत्तराखंड में बढ़ती बेरोजगारी, पेपर लीक और भर्ती घोटाला का दोषी कौन? सैनिक बाहुल्य क्षेत्र उत्तराखंड में युवाओं के भविष्य के साथ अग्निवीर योजना के नाम पर खिलवाड़ का दोषी कौन? एनसीआरबी महिला अपराध में पहाड़ी राज्यों में उत्तराखंड नंबर वन बहुत से अपराधों में भाजपा के अपने नेता-पदाधिकारी सम्मिलित ऐसे घिनौने कृत्यों का जम्मेदार कौन? उत्तराखंड में भ्रष्टाचार का बोलबाला, भू कानून की अनदेखी और भू माफिया व खनन माफिया को सरक्षण का दोषी कौन?

## रैली में छाया बेगूसराय का श्रवण शाह



रूद्रपुर। रुद्रपुर के मोदी मैदान से पीएम नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव का शंखनाद कर दिया है। इस दौरान पीएम मोदी को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी रही। पीएम मोदी के रैली के दौरान बिहार का एक युवक आकर्षण का केंद्र बना रहा, जो हनुमान का रूप धारण कर पीएम मोदी के रैली में पहुंचा था। जिसे देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। सभा में मौजूद लोगों ने उसे देखते ही नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाने शुरू कर दिए। जिससे लोगों में और उत्साह भर गया। इस दौरान श्रवण शाह ने बताया कि वो पीएम नरेंद्र मोदी का फैन है। पीएम को श्री राम रूपी अपना भगवान मानता है। वो पीएम की रैली में इस रूप में शामिल हुआ है। जहां-जहां प्रधानमंत्री की रैली होती है, वो वहां-वहां चला जाता है। श्रवण शाह का एक वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें वह पीएम नरेंद्र मोदी को गरीबों के मसीहा बता रहे हैं।

# उत्तराखंड की ब्रांडिंग करने में पीएम मोदी ने छोड़ी अमिट छाप

## नेताओं में उत्तराखंडी टोपी पहनने की मची होड़

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। देवभूमि उत्तराखंड में भाजपा की विजय शंखनाद रैली में पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस दौरान न केवल उत्तराखंड की पारंपरिक टोपी भेंट की गई बल्कि कुमाऊं की प्राचीन ऐपण कला और आदि कैलाश का छाया चित्र भी भेंट किया गया। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने भी पीएम को तमिलनाडु से मंगाया गया एक विशेष तौर का शंख भेंट किया। वहीं उत्तराखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने उन्हें पहाड़ी टोपी पहनाई। उत्तराखंड की संस्कृति से जुड़ी जो भी वस्तुएं पीएम मोदी को भेंट की गई, इन तमाम चीजों को विश्व स्तर पर प्रसिद्धि दिलाने और ब्रांडिंग करने में पीएम मोदी की भी बड़ी भूमिका रही है। चुनावी रैलियों और प्रचार अभियान के बीच उत्तराखंड में उत्तराखंड की टोपी पहनने का क्रेज बढ़ गया है। पीएम मोदी की



उत्तराखंड के उत्पादों के प्रति विशेष रूचि रखते हैं और हर वस्तु या पोशाक को सहजता से स्वीकार भी कर लेते हैं। अधिकांश अवसर पर पीएम नरेंद्र मोदी ने देवभूमि उत्तराखंड के धार्मिक स्थालों के साथ ही स्थानीय लोगों से जुड़कर प्रदेश की सियासी जमीन पर अपनी अमिट छाप भी छोड़ी है। दरअसल उत्तराखंडी टोपी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वजह से खासी पॉपुलैरिटी मिली है। पीएम मन की बात कार्यक्रम में इसका विशेष जिक्र करने से लेकर उत्तराखंड में जब-जब आते हैं तो इस टोपी को जरूर पहनते हैं। इस टोपी को पीएम द्वारा पहनने के बाद से डिमांड बहुत बढ़ गई है। ऐसी भी स्थिति आयी कि ब्रह्मकमल लगी इस टोपी की दीवानगी लोगों के सिर चढ़कर बोलती रही है। इस टोपी को अब और भी अधिक गौरव के साथ उत्तराखंडी लोग धारण करने लगे हैं। इसी तरह की स्थिति, ऐपण कला के साथ भी रही है। सीएम धामी कुमाऊं की इस विशेष पहचान को दिल्ली दौरों के दौरान पीएम को भेंट कर चुके हैं। यही वजह रही कि इस कला के बारे में हर कोई जानने और इसे लेने को लेकर लोग आतुर रहते हैं। कमोबेश यही स्थिति आदि कैलाश को लेकर भी कही जा सकती है। दरअसल, जब से पीएम मोदी ने इस क्षेत्र का सीएम धामी के न्यौते के बाद दौरा किया और लोगों से यहां आने की अपील की है तब से यहां लोगों की आवाजाही खूब बढ़ रही है। सीएम धामी ने पीएम के विजन को आगे बढ़ाते हुए उड़ान योजना के अंतर्गत इस क्षेत्र के लिये हेली सेवा प्रारंभ कराई है जिसके उत्साहजनक नतीजे सामने हैं।

## जलपान से पहले करें मतदान गांव जाकर कह देना मेरा प्रणाम

रूद्रपुर। पीएम मोदी ने उधम सिंह नगर जिले में चुनावी रैली को संबोधित किया। अपने संबोधन की शुरूआत पीएम मोदी ने गोल्ज्यू और मां नंदा के जयकारे के साथ की। पीएम मोदी ने लोगों से मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि कितनी ही गर्मी हो लेकिन मतदान अवश्य करें। उन्होंने कहा कि आगामी 19 अप्रैल को जलपान से पहले जरूर करे करें मतदान। पीएम मोदी ने रूद्रपुर पहुंचे जहां उन्होंने मोदी मैदान में लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भीड़ को देखकर वो समझ नहीं पा रहे हैं कि ये प्रचार सभा है या विजय सभा है। पीएम मोदी ने कहा कि बीते दस सालों में जितना विकास हुआ है ये तो सिर्फ ट्रेलर है, अभी तो बहुत विकास होना है। पीएम मोदी ने लोगों से अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस बार गर्मी बहुत होने वाली है लेकिन कितनी भी गर्मी क्यो ना हो लेकिन अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें। उन्होंने लोगों से वोट देने की अपनी करते हुए कहा कि जलपान से पहले करें मतदान। पीएम मोदी ने लोगों से कहा कि अपने गांव जरूर जाएं और गांव जाकर देवी-देवताओं के सामने मोदी की तरफ से माथा जरूर टेकना है। इसके साथ ही सभी गांव वालों को कहना मोदी उन्हें प्रणाम किया है और मेरा प्रणाम सब तक पहुंचाना। इसके साथ ही पीएम मोदी ने कहा कि उत्तराखंड को अभी बहुत आगे लेकर जाना है। वो चाहते हैं कि केदारखंड के साथ ही मानसखंड से भी दुनिया के लोग ज्यादा परिचित हों।

# तो क्या कारसेवा बाबा की हत्या के बाद समर्थक भी निशाने पर

## वायरल पोस्ट के मायने इसी ओर कर रहे इशारा,बाबा के अंदेशा जताने के बाद भी पुलिस ने बरती लापरवाही

■ अनिल सागर

नानकमत्ता। कारसेवा डेरा बाबा तरसेम सिंह द्वारा हत्या का अंदेशा जताने के बाबजुद पुलिस अधिकारियों ने द्वारा उनके पत्र को गंभीरता से न लेना पोस्ट के मायने बहुत है क्योंकि पोस्ट वायरल होने के बाद डेरा कारसेवा बाबा तरसेम सिंह की हत्या 28 मार्च की दिन दहाड़े दो बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। सोशल मीडिया की पोस्ट





पुलिस की बड़ी लापरही मानी जा रही है। वही बाबा की हत्या से पांच दिन पूर्व सोशल मीडिया पर की गई पोस्ट ,जो करूगा सिक्ख नाल गद्दारी, नम्बर आऊगा सबका बारी बारी। इस कई मायने सामने आ रहें है। क्या बाबा की हत्या के बाद और भी कई लोग हत्यारों के निशाने पर है। जिनमें बाबा की समर्थक और भी धर्म गुरू भी हो सकते हैं। पुलिस ने वायरल पोस्ट की बाबा की हत्या के बाद भी ऐसे लोगों को अभी चिन्हित नही किया जिन्हें ऐसे तत्वों से खतरा है। बाबा तरसेम सिंह के क्षेत्र में कई समर्थक है, जिनकी डेरे में अच्छी खासी पैठ थी। वही बाबा के प्रमुख सेवादार जो हम समय उनके साथ साए की तरह रहते थे। घटना के छः दिन बाद भी बाबा के हत्यारें पुलिस के हत्थे नही चढ़े है।पुलिस की 14 टीमों उनके ठिकानों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। पुलिस यूपी के पीलीभीत शाहजहांपुर में डेरा डाले हुऐ है। इसके अलावा पंजाब के तरनतारण में भी पुलिस की टीमें दबिश दे रही है। पुलिस हथियारों के रिश्तेदारों व परिजनों को भी ट्रेस कर रही है। लेकिन पुलिस को हत्यारों के ठिकाने के बारे में अभी तक कोई जानकारी नही मिली है।

### बेहद शातिर है बाबा के हत्यारे

नानकमत्ता। बाबा के हत्यारें खतरनाक शूटर होने के साथ बेहद शातिर मालूम पड़ते है। उन्होंने पुलिस से बचने के लिए नए मोबाईल व नम्बर का इस्तेमाल किया जा रहा है। ये मोबाईल व सिम किसी मददगार ने उन्हें उपलब्ध कराए गए होंगे। इसकी भी पुलिस जांच कर रही है। फेसबुक आईडी चलाने वालो को भी पुलिस ट्रेक करने में लगी है। अपराधियों ने अभी तक नए सिम ने अपने परिजनों से भी बात नही की है। पुलिस ने यूपी के कुछ लोग और कारसेवा के एक सेवादार को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# बुक सेलरों का किया निरीक्षण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नए शैक्षिण स्तर प्रारंभ होने पर बुक सेलर द्वारा किताबों का वितरण किया जा रहा है। विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के आधार पार सिटी मजिस्ट्रेट्र एपी बाजपेयी के निर्देशों के क्रम में खंड शिक्षा अधिकारी अंशुल बिष्ट और तहसीलदार सचिन कुमार ने कुसुम खेड़ा स्थित विभिन्न बुक सेलर के यहाँ निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित



किया है कि बुक सेलर निर्धारित दरों पर ही किताबों बेचें। इसके साथ ही बुक सेलर किताब खघ्रीदने के लिए आने वाले अभिभावक के लिए टोकन व्यवस्था लागू करने, अलग कैश काउंटर, पेयजल और बैठने के लिए टेंट की व्यवस्था करना सुनिश्चित करे। जिससे व्यवस्थाएँ सुव्यवस्थित हो सके। टोकन व्यवस्था चालू करने से अभिभावकों को सहूलियत मिलेगी और उनके समय की बचत भी होगी।

# चाकू के साथ घूमता एक गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मंगल पड़ाव चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति को अवैध चाकू के साथ घूमते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार उनि दिनेश जोशी चौकी प्रभारी मंगल पड़ाव व का. हितेंद्र वर्मा द्वारा चैकिंग



के दौरान संदिग्ध रूप से घूम रहे एक व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता महेन्द्र उर्फ मौनी पुत्र मदन सिंह निवासी रैपड दन्या बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अदद नाजायज चाकू बरामद किया गया। पुलिस्माय को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# ईवीएम का हुआ द्वितीय रेण्डमाईजेशन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लोक सभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष व पारदर्शिता से सम्पन्न कराने हेतु सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार व रिटर्निंग आफिसर उदयराज सिंह की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों व उनके प्रतिनिधियों की मौजूदगी में बीयू, सीयू, वीवी पैट (ईवीएम)का द्वितीय रेण्डमाईजेशन कलेक्ट्रेट स्थित वीसी रूम में किया गया। इस द्वितीय रेण्डमाईजेशन से वीयू, सीयू एवं वीवी पैट का विधानसभाओं में बूथ आवंटित हो गये है। रिटर्निंग आफिसर ने बताया कि नैनीताल –उधमसिंह नगर संसदीय क्षेत्र के 14 विधानसभाओं में कुल 3212 बीयू, 3212 सीयू व 3427 वीवी पैटों का द्वितीय रेंडमाईजेशन किया गया। जिन्हे अब बूथ आवंटित हो गये है। उन्होंने बताया कि 07 अप्रैल को जनपद के 1901 बीयू, 1901 सीयू व 2047 वीवी पैट को वेयर हाउस से बगवाड़ा मंडी स्ट्रांग रूम में स्थानान्तरित किये जायेगें, जहां पर सभी मशीनों को




मतदान के लिए तैयार किया जायेगा। उन्होने सभी प्रत्याशियों व उनके प्रतिनिधियों से अपील किया कि वे अवश्य उपस्थित रहे। रेण्डमाईजेशन के दौरान मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी, नैनीताल फिंचा राम चौहान, नोडल ईवीएम टीएस मर्तोलिया, नोडल प्रेक्षक बीएस चलाल, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी लक्ष्मी चौहान सहित प्रत्याशी जीवन चंद्र उप्रेती, भाजपा प्रतिनिधि प्रमोद मित्तल, कांग्रेस प्रतिनिधि संजय किरौला, महानगर महामंत्री कांग्रेस सुनिल आर्य, महानगर सचिव मनोज कुमार सिंह आदि मौजूद थे व सीसी के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना जुड़ी थी।

# पंजाबी महासभा नहीं मनायेगी बैसाखी

खटीमा (उद संवाददाता)। धार्मिक गुरु बाबा तरसेम सिंह के निधन के चलते इस बार उत्तरांचल पंजाबी महासभा का बैसाखी नहीं मनायेगी। संस्था के अध्यक्ष विजय अरोड़ा ने जानकारी देते हुए बताया बाबा तरसेम सिंह पंजाबी सभा के संरक्षक थे जिनके निधन के कारण इस वर्ष पंजाबी महासभा द्वारा वैसाखी कार्यक्रम नहीं मनाने का निर्णय लिया गाया है। बाबा तरसेम सिंह के निधन पर उत्तरांचल पंजाबी महासभा ने दुख प्रकट किया एवं उनके कातिलों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक अनिल बत्रा, बाबूराम अरोड़ा, प्रदेश महामंत्री मनोज, जितिन ग्रोवर,हरीश बत्रा,जितेंद्र बत्रा, जसविंदर सिंह पप्पू, किसान आयोग के उपाध्यक्ष राजपाल सिंह, ललित मारवाह, राहुल अरोड़ा, मानस बत्रा, सचिन ब्रिज, सुमित,जतिन बत्रा, मनोज छाबड़ा, मनोज गुलाटी, किशु छाबड़ा, सोनू,पूजा बत्रा, आरती डाबर,मोनिका आदि उपस्थित थे।

# सदाचार का पालन करना ही मनुष्य का सबसे बड़ा धर्म: राजवीर शास्त्री

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आदर्श कॉलोनी स्थित वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम में चल रहे श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन मंगलवार को राजवीर शास्त्री जी महाराज ने कथा के माध्यम से भगवान शिव और श्री कृष्ण के अलग–अलग रूपों का अपनी मधुर वाणी से वर्णन किया। जड़ भरत एवं कपिल देवहुति संवाद, सत्य और वक्त पर परिचर्चा करते हुए समय का सदुपयोग करते हुए भगवान का स्मरण करने को कहा, क्योंकि जो समय बीत गया वो कल नहीं आएगा, अतः मनुष्य का सबसे कीमती चीज वक्त है, जो पैसे से भी नहीं खरीदा जा सकता। भक्तों को कथामृत का रसपान कराते हुए उन्होंने कहा कि जड़ भरत जब तक संसार में रहे, अपने आचरण





और व्यवहार से अपने ज्ञान को प्रकट करते रहे। जब अंतिम समय आया, तो चिरनिद्रा में सो गए, ब्रह्म में समा गए। यह सारा जगत ब्रह्म से निकला है और ब्रह्म में ही समा जाता है। ब्रह्म की इस लीला को जो समझ पाता है, उसी को जगत में सुख और शांति प्राप्त होती है। स्वामी जी ने कपिल मुनि प्रसंग का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि सदाचार का पालन करना ही मनुष्य का सबसे बड़ा धर्म है। भगवान एक है किंतु उसके रूप अनेक हैं। प्रभु घट घट में विराजमान है। भगवान की मर्जी के बिना पत्ता भी नहीं हिल सकता है। उन्होंने कहा कि धर्म की जड़ सदा हरी रहती है।परमात्मा को पाने का साधन है प्रेमशास्त्री जी ने आगे कहा कि सत्य के मार्ग पर चलने वालों की कभी हार नहीं होती। प्रेम ही परमात्मा का स्वरूप है और परमात्मा को प्रेम प्रिय है। परमात्मा को पाने का साधन प्रेम ही है और प्रेम को प्रकट करने के लिए परमात्मा की कथा सुनना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि अन्न का कण और संत का क्षण बहुमुल्य होता है। कथा वाचक ने कहा कि भागवत के मुख्य श्रोता हैं राजा परीक्षित, उनको श्राप के कारण श्री सुखदेवजी ने सात दिन की भागवत कथा का श्रवण कराया। राजा परीक्षित का सात दिनों के अंदर निधन हो जाता है, यानि कि सात दिन में ही मनुष्य शरीर को छोड़ता है।संगीत पर थिरके भक्तभागवत कथा के दौरान हुए भजन संगीत कार्यक्रम एवं धार्मिक धुन पर श्रद्धालुओं ने नृत्य किया। आज के मुख्य यजमान शशि अरोड़ा , काका अरोरा , जितेंद्र अरोरा व उनके सम्पूर्ण परिवार ने पूजन कराया साथ ही साथ हंसेश्वरी देवी जी ने सभी भक्तो को आशीर्वाद दिया। इस मौके पर महंत महंत मनीष सलूजा जी , महंत भजन प्रकाश अरोरा , श्याम खुराना , सतनाम सिंह , राजेश आनंद , राजीव ग्रोवर , लक्ष्य शर्मा , शोकी , मंगल ग्रोवर , रेशम ग्रोवर , जाया आनंद ,आशा अरोड़ा , प्रीति ग्रोवर , सीमा शर्मा , कंचन आदि उपस्थित थे ।ने पहुं कर पूज्यनीय स्वर्ग फार्म वाली देवी जी से आशीर्वाद लिया।

# कार सवार व्यक्ति से एक लाख की नगदी बरामद

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव हेतु पुलिस की कड़ी चौकसी के चलते काठगोदाम पुलिस व एसएसटी टीम ने सघन वाहन चौकिंग अभियान में उत्तर प्रदेश निवासी व्यक्ति से 1 लाख की नगदी बरामद की गई। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा के नेतृत्व में पुलिस द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष, सकुशल, पारदर्शी एवं शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए सघन चौकिंग अभियान के दौरान गोलापार काठगोदाम बैरियर पर कार संख्या यूपी 25 सी डी 7314 को रोक कर चौक किया गया तो वाहन चालक विक्की गंगवार पुत्र लोकी राम गंगवार निवासी मितीपुर जोखनपुर बरेली उत्तर



प्रदेश से कुल 1एक लाख रुपये बरामद किये गए। वाहन चालक विक्की गंगवार से उक्त धनराशि के सम्बन्ध में जानकारी लेने पर कोई भी स्पष्ट प्रमाण नहीं दे पाया। पुलिस ने धनराशि जमा कर नियम अनुसार आवश्यक कार्यवाही की गई।

# कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने निकाला रोड़ शो

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नैनीताल उधम सिंह नगर सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के समर्थन में पीलीकोठी से रोड शो कालाढूंगी विधानसभा के लिए शुरु हुआ। जिसमे कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के साथ नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या, विधयाक सुमित ह्रदयेश, पूर्व विधायक संजीव आर्या रहे। रोड शो लामाचोड़, कालाढूंगी, कोटा बाग, पोलगढ़, फतेहपुर, कठघडिया, कुसुमखेड़ा आदि जगह तक निकला। इस दौरान कई जगह नुक्कड़ सभा और कांग्रेस के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन भी किया गया। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या ने लोगों को कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। प्रकाश जोशी ने कहा कि कांग्रेस ही देश का विकास कर सकती है और कांग्रेस को मिलता आपार जन समर्थन देश में बदलाव लाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान सासंद के पांच साल के निराशाजनक कार्य को जनता इस चुनाव में कांग्रेस को मतदान करके परिवर्तन लायेगी। इस अवसर पर महिला प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रोतेला, जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, नगर अध्यक्ष गोविन्द बिष्ट, भोला दत्त भट्ट, नीरज तिवारी, ललित जोशी, संजय किरोला, जया कर्नाटक, भागीरथी देवी, नीलू नेगी, अलका आर्या, मीमांशा आर्या, हिमांशु जोशी, विजय सिजवाली, चंदन बिष्ट, दीपक साह, देवेंद्र मेहरा, हेम पाण्डेय, किरन महरा, ललित हेड़िया, राधा चौधरी आदि सेकड़ो लोग उपस्थित रहे।



उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# जांच एजेंसियों की जवाबदेही

पिछले कुछ वर्षों से केंद्रीय जांच एजंसियों की कार्यप्रणाली लगातार प्रश्नांकित होती रही है। कई मौकों पर अदालतें भी उनकी जिम्मेदारी और जवाबदेही याद दिला चुकी हैं। उसी क्रम में सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश ने भी कहा कि जांच एजंसियों को उन अपराधों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जो देश की सुरक्षा, आर्थिक स्थिति और लोकव्यवस्था के लिए असल में खतरा पैदा करते हों। उन्होंने इस पक्ष को भी रेखांकित किया कि जांच अनिवार्यताओं और व्यक्तिगत गोपनीयता अधिकारों के बीच संतुलन बनाने की तत्काल आवश्यकता है। प्रधान न्यायाधीश के इस कथन को प्रवर्तन निदेशालय, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो और आयकर विभाग की पिछले कुछ सालों में की गई छापेमारी और गिरफ्तारियों, जब्ती वगैरह के मद्देनजर देखें, तो स्थितियां स्वत: स्पष्ट हो जाती हैं। हालांकि प्रधान न्यायाधीश की इस नसीहत को जांच एजंसियां कितनी गंभीरता से लेंगी और उस पर कितना अमल करेंगी, कहना मुश्किल है। बेशक प्रधान न्यायाधीश ने ये बातें सीबीआइ के ही एक आयोजन में कहीं। मगर जैसा कि अनेक मामलों में देखा जाता है, सार्वजनिक मंचों से कही बातों को अक्सर आदर्श वक्तव्य की तरह केवल सुन लिया जाता है, उन पर अमल करना जरूरी नहीं समझा जाता। सीबीआइ भी ऐसा ही करे, तो हैरानी की बात नहीं। केंद्रीय जांच एजंसियों पर लंबे समय से आरोप लगते रहे हैं कि वे सरकार के इशारे और उसकी इच्छा के अनुरूप काम करती हैं। पिछले कुछ वर्षों में भ्रष्टाचार पर नकेल कसने के इरादे से लगातार की जा रही कार्रवाइयों के मद्देनजर ये आरोप निरंतर गाढ़े होते गए हैं। इसकी बड़ी वजह यह भी है कि अधिकतर कार्रवाइयां विपक्षी दलों के नेताओं के खिलाफ ही की गई हैं। उसमें कई नेताओं को सलाखों के पीछे भी डाला गया। अनेक मामलों में आरोप लगते रहे कि गलत तरीके से जब्ती की गई, पूछताछ के नाम पर लोगों को नाहक परेशान और प्रताड़ित किया गया। यह सवाल भी लगातार पूछा जाता है कि जांच एजंसियां जितने छापे मारती और कार्रवाइयां करती हैं, उनमें से पांच फीसद मामलों में भी दोष सिद्ध नहीं हो पाते। धनशोधन निवारण कानून की धाराएं इतनी सख्त हैं कि उनके तहत गिरफ्तार किए गए लोगों को तब तक जमानत नहीं दी जाती, जब तक कि वे निर्दोष साबित नहीं हो जाते। इसलिए सर्वोच्च अदालत ने पहले भी कहा था कि इस कानून के तहत गिरफ्तारी से पहले जांच एजंसियों को पूरी तरह आश्वस्त होना चाहिए कि मामले में दोषसिद्धि की कितनी संभावना है। मगर इसे भी गंभीरता से नहीं लिया गया। ताबड़तोड़ छापों से परेशान होकर विपक्षी दलों ने इन पर रोक लगाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय से गुहार लगाई, तब अदालत ने कहा था कि धनशोधन का मामला आतंकवादी और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों से भी जुड़ा हो सकता है, इसलिए एजंसियों को इस काम से रोका नहीं जा सकता। अब प्रधान न्यायाधीश ने जांच एजंसियों का दायरा स्पष्ट कर दिया है कि उन्हें उन्हीं मामलों पर अपना ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है, जिनसे राष्ट्र की सुरक्षा, आर्थिक स्थिति और लोकव्यवस्था को खतरा पैदा होता हो। उसमें व्यक्ति के निजी अधिकारों की सुरक्षा का भी ध्यान रखने की जरूरत है। जांच एजंसियां जांच के नाम पर अक्सर व्यक्तियों के फोन, कंप्यूटर जैसे निजी उपकरण भी जब्त कर लेती हैं, जिनमें उनकी व्यक्तिगत सामग्री हो सकती है। इन नैतिक और कानूनी तकाजों का ध्यान एजंसियां तभी रख सकती हैं, जब उनमें वास्तव में स्वतंत्र रूप से काम करने की इच्छाशक्ति हो।

# कोटिक पाप कटै रे..

एक बार मंदिर जाने से, एक बार गंगा में स्नान करने से, उसमें गहरी डुबकी लगाने से पाप नहीं कट जाते... न ही भगवान की एक बार आरती उतारने से पाप कट जाते हैं स पाप तो कटते हैं,भगवान में आस्था रखने से,पाप कटते हैं, भगवान को अपने आपको समर्पित कर देने से स पाप कटते हैं , अपने आसपास भगवान को भासने से स मोक्ष मिलता है भगवान के प्रेम में डूब जाने से, उसके प्रेम में आंसू बहाने से....कबीर कह तो देते हैं– राम–नाम लीजे प्राणी, कोटिक पाप कटै रे...राम का नाम लेने से करोड़ों पाप कट जाते हैं, लेकिन कबीर का आशय केवल एक बार राम नाम लेने से नहीं है स उनका आशय मनुष्य को यह समझाने से है कि राम की शरण में आने से, राम को ही अपना त्राणदाता मानने से, राम को अपने–आपको सौंप देने से, राम को अपना निमित बनाने से, राम को कर्ता मान कर, अपने आपको अकर्ता मानने से पाप कटते हैं स जब करोड़ों पाप केवल एक बार राम का नाम लेने से कट जाने हैं, तो रोज राम नाम लेने से क्या लाभ? रोज मंदिर जाने का क्या लाभ ? रोज आरती–पूजन करने का क्या लाभ? एक व्यक्ति गंगा में स्नान करने जा रहा था स मार्ग में उसे राम कृष्ण जी मिले...उस व्यक्ति ने राम कृष्ण जी से पूछा.... में गंगा में स्नान करने जा रहा हूं स कहते हैं, गंगा में एक बार स्नान करने से पाप कट जाते हैं स क्या यह सत्य है ? आपका क्या विचार है?राम कृष्ण जी सुन कर चुप हो गए स वह बड़े भोले थे स कबीर की भांति क्रान्तिकारी नहीं थे, बड़ी सादगी से बोले, ऐसा तुम्हारा विश्वास है कि गंगा में एक बार स्नान करने से पाप कट जाते हैं स लेकिन अगर हो सके तो एक डुबकी मेरे लिए भी लगाना....लेकिन मेरी मानो तो जब डुबकी लगाओ, तो बाहर मत निकलना... एक ही डुबकी से सब पाप नष्ट हो जायेंगे और तुम्हें मुक्ति मिल जाएगी स यदि निकल आए तो फिर पाप करोगे...पाप फिर तुम्हें दबोचेंगे...पाप धुलने के बाद कहीं जाते तो नहीं,यहीं कहीं वृक्ष से लटके रहेंगे... यदि एक ही बार डुबकी लगाने से पाप धुल जाते हैं तो दो बार डुबकी लगाने का क्या लाभ? डुबकी लगाना, फिर बाहर मत निकलना.... यदि एक ही बार भगवान को माथा टेकने से मन– वांछित फल मिल जाता है, तो बार–बार माथा टेकने का क्या लाभ? यह कैसे संभव है, पाप तो इन्सान करे, और गंगा उसे काटे? गंगा अपने जिम्मे पाप क्यों ले? पाप तो तुम करो, और भगवान तुम्हारे पाप काटते जाएं? यह कैसे हो सकता है? लेकिन कबीर और राम कृष्ण परमहंस में एक अन्तर है स कबीर जानते थे कि काशी में नहीं मरूँगा स यदि मरूँगा तो पाप फिर आ दबोचेंगे स इसलिए कबीर काशी में नहीं मरना चाहते थे.... मगहर में मरना चाहते थे स कहा जाता है मगहर में जो इन्सान मरता है, वह दूसरे जन्म में गधा बनता है स कबीर ने काशी में मरना नहीं चाहा....काशी में मरते तो मानव के रूप में फिर जन्म लेते और पाप फिर आ दबोचते, लेकिन कबीर मगहर में मरना चाहते थे इसलिए कि वह गधा बनना चाहते थे स जब अंत समय आया तो कबीर ने अपने शिष्यों को कह दिया...चलो मगहर... शिष्य हैरान हुए सुनकर स कबीर जी बोले, काशी में मरने में कोई लाभ नहीं... यहाँ तो मरे मराये लोग, मरने की प्रतीक्षा करते रहते हैं, इसलिए कि यहां मरने से मोक्ष मिलेगा, लेकिन मोक्ष उन्हें मिलेगा क्या ? में तो मगहर में मरकर ही मोक्ष को पाऊंगा स काशी घाट गन्दा हो गया है स यहां से जो मर कर गए हैं, उनकी दशा देख कर ही में यहां मरना नहीं चाहता...उनसे ही मिलना फिर होगा... इन्हीं से काशी में, मैंने सिर खपाया है, किसी न कुछ सुना? में तो मगहर ही जाऊंगा... वही मरूंगा... और कबीर ने मगहर में ही प्राण त्यागे और मोक्ष पाया स काशी में मरने, गंगा में एक बार स्नान करने से,एक बार ही राम का नाम लेने से मोक्ष नहीं मिल सकता स ऐसा हो सकता तो कबीर कभी भी काशी छोड़कर मगहर न जाते स कबीर तो काशी में रहकर भी गंगा नहाने नहीं गए थे...एक बात ध्यान से समझ लेनी चाहिये– न तो गंगा में एक बार नहाने से पाप धुल सकते हैं, और न ही एकाध बार राम का नाम लेने से मोक्ष मिल सकता है– राम अगर सुरति बन जाए, राम अगर विचार श्रृंखला बन जाए, राम अगर साँस बन जाए, राम की धारा यदि भीतर बहने लगे, राम अगर सोच बन जाए, राम अगर कर्म बन जाए, राम अगर भक्ति बन जाए, राम अगर भाव बन जाए, राम अगर रोम–रोम बन जाए, राम प्राणपण जाए, तो पाप धुलने से रहेंगे नहीं, तब तो मोक्ष को रोक नहीं सकता... हनुमान जी ने राम को ही बाहर भीतर जाना, बाहर भीतर पाया, इसलिए जब माँ सीता को राम की खुशी के लिए माथे पर सिन्दूर लगाते देखा, तो हनुमान जी आकंठ सिंदूर में डूब गए... और फिर राम की ही कृपा से, हनुमान जी का यही रूप पूज्य हो गया... यह रूप राम में डूबने का प्रतीक है और जो राम में प्राण–पण से डूब गया, वह पूज्य हो गया.... इसलिए हनुमान जी पूज्य हो गए.... एक ही बार में राम का नाम लेने से, या फिर एक ही बार में गंगा में स्नान करने से पाप नहीं धुल जाते... धुल सकते तो पाप करने के बाद, हर कोई ऐसा करता....फिर तो नरक की भी जरूरत न रहती, लेकिन पाप धुलते हैं राम नाम में डूबने से... हनुमान जी की भांति ।

**–प्रस्तुति– नरेश कुमार सेठ**

# लीसा फैक्ट्री में आग लगने से लाखों की क्षति

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। रामपुर रोड पर बेलबाबा के पास लीसा फैक्ट्री में आग लग गई। देखते ही देखते पूरी फैक्ट्री आग का गोला बन गई। हल्द्वानी की दमकल टीम के पास आग बुझाने के वाहन कम पड़ गए। जिस पर रुद्रपुर से दो और रामनगर से एक अतिरिक्त दमकल वाहन बुलाए गए। देर रात तक आग पर काबू पाया जा सका। बेलबाबा मंदिर के पास उमेश चंद्र डालाकोटी की डालाकोटी पेंट्स एंड केमिकल नाम से लीसा फैक्ट्री है। शाम पौने छह बजे कर्मचारियों ने फैक्ट्री से धुआं उठता देखा। शुरुआत में कर्मचारियों ने खुद ही आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन सफलता नहीं मिली तो इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। इस पर हल्द्वानी से दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आग की



लपटें थमने का नाम नहीं ले रही थी। आग बढ़ने पर दमकल अधिकारियों ने रुद्रपुर और रामनगर से दमकल वाहन बुलाए। देर रात आग पर काबू पाया। मगर तब तक पूरी फैक्ट्री जलकर राख हो चुकी थी। आग की सूचना मिलने पर सीएफओ गौरव किरार, सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई, एसडीएम पारितोष वर्मा, एसपी क्राइम हरबंस सिंह और कोतवाल उमेश मलिक, एफएसओ मिन्दर पाल टीम के साथ मौके पर पहुंचे। आग बुझाने के बाद पुलिस व प्रशासन की टीम वापस लौटी। एसडीएम पारितोष वर्मा ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। इसकी जांच कराई जाएगी। आग से हुए नुकसान का दमकल टीमआंकलन करेगी। इसके बाद रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी जाएगी। आग पर तीन घंटे बाद पूरी तरह से काबू पाया गया। इस दौरान दमकल की 18 गाड़ियोंने पानी की बोछार की। 200 लीटर फोम का प्रयोग किया गया। 12 बार दमकल के वाहन पास के स्टोन क्रशर में दोबारा पानी भरने गए। आग की ऊंची लपटें दूर–दूर तक दिखाई दीं।



# राज्यपाल ने छात्रों से किया संवाद

देहरादून (उद संवाददाता)। सोमवार को राजभवन में ''एक भारत-श्रेष्ठ भारत'' के तहत युवा संगम में प्रतिभाग कर रहे छात्र-छात्राओं ने राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से मुलाकात की। उत्तराखण्ड में युवा संगम हेतु नोडल संस्थान हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय, श्रीनगर के सहयोग से इस युवा संगम में तमिलनाडु और पुडुचेरी के छात्र प्रतिभाग कर रहे हैं। युवा संगम कार्यक्रम छात्रों के लिए एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश तक शैक्षणिक-सह-सांस्कृतिक पर्यटन भ्रमण पर केंद्रित है। राज्यपाल ने छात्रों से मुलाकात के दौरान अपने जीवन के अनुभवों के बारे संवाद किया। राज्यपाल ने छात्रों से कहा कि यह भ्रमण आपको यहां की कला एवं संस्कृति के साथ-साथ विकास, तकनीकी और आर्थिक प्रगति और पर्यटन क्षेत्रों आदि का प्रत्यक्ष अनुभव कराएगा। यह अनुभव आपके ज्ञानार्जन एवं करियर के अवसरों में सहयोगी रहेगा। उन्होंने कहा कि आपने इस भ्रमण में जो अनुभव लिए हैं उन्हें कभी न भूलें। यह अनुभव, यादें और सीख आपको अपार ज्ञान देंगी और बेहतर भविष्य का निर्माण करेंगी। राज्यपाल ने कहा कि युवा हमारे देश का भविष्य हैं और आप सभी युवाओं के महत्वपूर्ण योगदान से भारत को विश्व गुरु और विकसित राष्ट्र का लक्ष्य प्राप्त करना है। उन्होंने प्रतिभागियों को अपना आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने विगत 4 दिनों से उत्तराखण्ड भ्रमण के अपने अनुभवों को साझा किया। इस कार्यक्रम में सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, अपर सचिव श्री राज्यपाल श्रीमती स्वाति.एस. भदौरिया, युवा संगम के नोडल अधिकारी प्रो. जी सीतारमण, सदस्य डॉ. जगदीश्वर, डॉ. जी देवसेना, प्रो. प्रशांत कंडारी, प्रो. जे. पी. भट्ट, डॉ. रूकमणी सहित तमिलनाडु और पुडुचेरी के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# जिले की सीमा पर चलाया चैकिंग अभियान

बागेश्वर(उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव को देखते हुए जिले की पुलिस अलर्ट मोड में है।जिले में पुलिस द्वारा लोकसभा चुनाव को निष्पक्षता, पारदर्शिता,और शांति पूर्वक निपटाने के लिए पुलिस अधीक्षक अक्षय कोंडे ने जिले की सीमा पर चेकिंग अभियान तेज करने के निर्देश दिए है। पुलिस द्वारा बाहर से जिले में आने वाले हर वाहन की गहनता से चेकिंग हो रही है। इसके अलावा सोशल मीडिया पर भी पुलिस की कड़ी नजर है। पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण संपन्न कराने में पुलिस की भूमिका अहम है। उन्होंने जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों व जनपद के प्रवेश मार्गों पर अवैध नगदी, अवैध मादक पदार्थों की बरामदगी, संदिग्ध व्यक्ति, संदिग्ध वस्तुओं की तलाश हेतु व्यापक चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही,आपराधिक व अराजक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखने एवं सोशल मीडिया की सतर्क मानिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। एसपी के निर्देश के बाद पुलिस ने जिले की सीमा पर स्थित कौसानी, झिरोली, कांडा, सहित कोतवाली पुलिस, डंगोली चौकी, कपकोट थाने, में जगह जगह चेकिंग अभियान तेज कर दिया है।वही सोशल मीडिया सेल और अभिसूचना इकाई सहित सहित पुलिस और चुनाव सम्बन्धी गतिविधियों को देख रही पुलिस की इकाइयों द्वारा भी सभी सोशल साइट्स, व्हाट्सएप, फेसबुक सहित विभिन्न न्यूज चौनलों, समाचार पत्रों में किसी तरह से विज्ञापन सहित किसी प्रकार से कोई भड़काऊ, या चुनाव आचार संहिता के नियमों का पालन नही करने पर सतर्कता बरती जा रही है।सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मस की सतर्क मॉनिटरिंग की जा रही है।एसपी कोंडे ने चुनाव के संबंध में किसी भी प्रकार की भ्रामक खबर, अफवाह प्रचारित प्रसारित करने वालों के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई करने की बात कही है। उन्होंने स्वच्छंद तरीके से निष्पक्षता से बिना किसी को कोई प्रलोभन के निष्पक्षता से चुनाव सम्पन्न कराने में सभी लोगों से सहयोग की अपील की।ही चुनाव प्रेक्षक पुलिस द्वारा भी सभी पुलिस अधिकारियों को जिले में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव सम्पन्न कराने के लिए सभी पुलिस अधिकारियों, सुरक्षा ड्यूटी में लगे पुलिस और अन्य सुरक्षा कर्मियों से निष्पक्षता से चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से निपटाने के निर्देश दिए हैं।



# सामान्य प्रेक्षकों ने ली चुनाव अधिकारियों की बैठक

बागेश्वर(उद संवाददाता)।लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शिता व शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु अल्मोड़ा संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक वरिष्ठ आईएएस सत्यप्रकाश एवं प्रेक्षक पुलिस वरिष्ठ आईपीएस शिव कुमार वर्मा मंगलवार को बागेश्वर पहुंचे।जिला मुख्यालय पहुँचने पर उन्होंने लोकसभा चुनाव निर्वाचन में लगे अधिकारियों की बैठक ली। सामान्य प्रेक्षक वरिष्ठ आईएएस सत्यप्रकाश ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मतदान बूथों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कर ली जाए, साथ ही उन्होंने कहा कि मतदान पार्टियों के सरकारी भवन में ही अवस्थान व खाने की व्यवस्था भी कर ली जाए। तथा मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रेरित करने के साथ ही दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने ईवीएम व वीवीपैट, संचार, वाहन व्यवस्था, उड़नदस्ते, स्थैतिक सर्विलांस टीम, वीडियो सर्विलांस टीम,स्वीप, दिव्यांग मतदाता आदि की विस्तृत जानकारियां ली।सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि जिले के दूरस्थ पोलिंग बूथ पर मशीन के खराब होने पर बेकअप के रूप में भी रिजर्व मशीन रखी जाय,ताकि मतदान प्रभावित न हो सके।प्रेक्षक पुलिस ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन को निर्विघ्न, स्वतन्त्र,पारदर्शिता और सुरक्षित सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद में धन व अवैध मदिरा के लाने व ले जाने पर विशेष ध्यान देते हुए नियमित छापेमारी करने के निर्देश दिए। तथा लोक सभा चुनाव के सफल सम्पादन के लिए पर्याप्त सुरक्षाबलों की तैनाती करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में नेटवर्क विहीन पोलिंग बूथ पर वायरलेस, सेटेलाइट फोन,वाकी टॉकी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। जिस पर एसपी ने



कहा की जिले में 51 शेडो एरिया चिन्हित किए है जहाँ नेटवर्क नही है। उन सभी जगहों के लिए सेटेलाइट फोन, वायरलेस आदि की व्यवस्था कर ली गई है। तथा सुरक्षा हेतु पुलिस, होमगार्ड और पीआरडी के जवानों की तैनाती की जा रही है। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराधा पाल ने कहा कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में ईवीएम व वीवीपैट उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि जनपद में 724 बैलेट यूनिट, 724 कन्ट्रोल यूनिट व 724 वीवीपैट उपलब्ध है। दोनों विधानसभाओं में पांच जोनल व 69 सेक्टर मजिस्ट्रेट लगाएं गए हैं। 191 मतदेय स्थलों की वैबकास्टिंग करायी जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी बताया कि शत-प्रतिशत मतदान केन्द्रों में शौचालय बना दिए गए हैं तथा पानी व बिजली की व्यवस्था भी सुनिश्चित कर ली गई है। उन्होंने कहा कि जनपद में कुल 381 पोलिंग बूथ है। तथा जनपद में कुल 218175 मतदाता है । तथा जनपद में कुल 2600 दिव्यांग मतदाता है।बैठक के बाद सामान्य प्रेक्षक वरिष्ठ आईएएस सत्यप्रकाश एवं प्रेक्षक पुलिस वरिष्ठ आईपीएस शिव कुमार वर्मा ने बीडी पांडे डिग्री कालेज में लोक सभा चुनाव के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम एवं मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम की पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही स्ट्रांग रूम परिसर में सीसीटीवी कैमरे से भी निगरानी रखने हेतु पर्याप्त मात्रा में सीसीटीवी कैमरे लगाएं जाय। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान बारिश की सम्भावनाओं को देखते हुए भी मतगणना केंद्र पर आवश्यक इंतेजाम समय रहते सुनिश्चित किया जाय।बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराधा पाल,पुलिस अधीक्षक अक्षय कोंडे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एनएस नबियाल, नोडल कार्मिक/सीडीओ आरसी तिवारी,एआरओ बागेश्वर मोनिका, कपकोट अनुराग आर्य, नोडल एमसीसी जितेंद्र वर्मा सहित अन्य नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

# मालदे गांव में झूलते विजली के तार दे रहे खतरे को न्यौता

गरुड़(उद संवाददाता)। ऊर्जा निगम की लापरवाही से मालदे गांव में झूलते हुए विजली के तार लोगों के लिए खतरे का सबब बना हुआ है।झूलते हुए विजली के तार से मालदे गांव में ग्रामीणों में अफरातफरी मच गई, अचानक मालदे गाँव मे पूरन सिंह रमेश सिंह के घर के पास विद्युत लाइन के तार टूट गए।जिससे ग्रामीण करेंट लगने से घबरा गए।गांव के ग्रामीणों ने कही बार ऊर्जा निगम से झूलते हुए तारों से कभी भी करेंट लगने से2अनहोनी होने की आशंका भी जताई थी, वही लम्बे समय से विद्युत विभाग द्वारा झूलते हुए तारों को ठीक नही करने से गाँव मे अचानक विद्युत लाइन टूट गई।जिससे वहां अंधेरा छा गया जिसके बाद लोगों ने तत्काल लाइनमैन को इसकी सूचना दी।जिसके बाद लाइन बन्द करने के बाद टूटी हुई विद्युत लाइन को ठीक कराया गया।इस दौरान ग्रामीणों ने ऊर्जा निगम पर लॉफिंग नही करने, झूलते हुए विद्युत लाइन के तारों को ठीक नही करने का आरोप लगाया, वही भविष्य में कोई भी विद्युत लाईन से कोई हादसा होने पर इसकी पूरी जिम्मेदारी लेने की बात कही।

# पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

बागेश्वर(उद संवाददाता)।आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कोतवाली पुलिस द्वारा वारंटियों की धरपकड़ तेज कर दी है। न्यायालय में उपस्थित न होकर लगातार फरार चल रही वारंटी अभियुक्त भानु प्रिया भाकुनी निवासी आरे फौजदारी मामले में 595/23 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समीप से गिरफ्तार किया गया।जिसके बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। टीम में उपनिरीक्षक आशा बिष्टहेड कांस्टेबल सुरेश आर्या व कांस्टेबल गिरीश बजेली आदि थे।


## सूचना नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम दीपक (DEEPAK) था अब मैंने अपना नाम परिवर्तन करके दीपक राम आर्य(DEEPAK RAM ARYA) रख लिया है। भविष्य में मुझे हर विवरण में मेरे नये नाम दीपक राम आर्य (DEEPAK RAM ARYA) से ही सम्बोधित किया जाए।

**दीपक राम आर्य**
पुत्र जगदीश राम आर्य
निवासी-किच्छा रोड, टोल टैक्स, देवरिया,
जिला-उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड


## पेज एक का शेष...

**देश की मजबूती के लिए....** पूर्व विधायक डॉक्टर प्रेम सिंह राणा, दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता, जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, जिला मंत्री राकेश सिंह, सुभाष तनेजा, किच्छा मंडल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना, तरुण दत्ता, जिला कोषाध्यक्ष विकास बत्रा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रा, मुकेश कोली, राजेश कोली, चंदन जायसवाल, रजत दिक्षित, मयंक तिवारी, नारायण पाठक, नरेंद्र ठुकराल, आत्मा परियोजना अध्यक्ष रविकांत वर्मा, अजीत पाठक, खड़क बहादुर सिंह, अखिलेश यादव, वीरेंद्र यादव, शिवकुमार यादव, नंदलाल यादव, इफ्तार मियां, खेमकरण कश्यप, किसान मोर्चा जिला मंत्री धीरज सिंह, फरजाना बेगम, पूरन भट, अविरल तिवारी, राजेश प्रताप सिंह रिंकू, मनीष गुप्ता, महेंद्र वाल्मीकि, पंतनगर मंडल अध्यक्ष अनिल यादव, अमर खान, रोहित भट्ट, बलजीत गाबा, विशाल गुप्ता, विनोद कोहली, धनीराम, बिजेंद्र यादव, डीएन यादव समेत सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**मोदी की रैली में...** डाले रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर रैली में भारी भीड़ जुटाने के लिए रणनीति तैयार की थी। रैली में एक लाख की भीड़ जुटाने का लक्ष्य रखा गया था। हर विधानसभा क्षेत्र से 50 बसों की व्यवस्था करने का दावा किया गया। लेकिन ये दावे फेल हो गये। हालाकि इसके दो कारण माने जा रहे हैं एक तो धूप की तपिश और दूसरा रैली की तैयारियों के लिए भाजपाईयों को समय बहुत कम मिला। प्रधानमंत्री की पूर्व की रैलियों में मोदी मैदान भीड़ से खचाखच भरा होता था। लेकिन इस बार मोदी की रैली पहले की तरह भीड़ नहीं खींच पाई। जानकारों की मानें तो विजय शंखनाद रैली में भीड़ का आंकड़ा एक लाख की संख्या को पार नहीं कर पाया। यह स्थिति तब है कि जबकि नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा क्षेत्र की 14 विधानसभाओं में कार्यकर्ताओं को बसों में भरकर यहां लाया गया था। उत्तराखण्ड के साथ साथ यूपी से भी कार्यकर्ता इस रैली में जुटे थे, लेकिन इसके बावजूद भीड़ की संख्या पिछले आंकड़े को नहीं छूं पाई। हालाकि भाजपा के लोग रैली को ऐतिहासिक बताते हुये अपनी पीठ खुद थपथपा रहे हैं लेकिन चर्चा है कि रैली उतनी सफल नहीं हो पायी जितनी उम्मीद की जा रही थी। बहरहाल प्रधानमंत्री मोदी की यह पांचवी चुनावी रैली का मतदाताओं पर क्या असर होगा यह तो आने वाला वक्त बतायेगा।

**संदिग्ध हालातों में...** था। इन दिनों यहां 31 वीं वाहिनी पीएसी में प्रशिक्षण के लिए आया हुआ था। गत दिवस उसका स्वास्थ्य अचानक तेजी से खराब हो गया। जिस पर उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मृतक के परिजनों को दी गई । आज मृतक महावीर के परिजनों के आने पर शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। चिकित्सकों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। घटना से पीएसी परिसर में शोक की लहर व्याप्त है।

**दीपक बल्यूटिया ने ..** तिवारी की विकास की सोच को आगे बढ़ाने को संघर्षशील रहेंगे। बल्यूटिया ने कहा पूरा प्रदेश का युवा बेरोजगारी से जूझ रहा है, महँगाई की मार, भ्रष्टाचार के बोलबाले से जनता त्रस्त है लेकिन भाजपा सरकार मस्त है। बहन अंकिता की हत्या से पूरा प्रदेश शर्मसार है। देवभूमि वासियों के लिए अंकिता की हत्या व आत्मा की शांति के लिए न्याय दिलाने का यही सही समय है। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनकर उत्तराखण्ड वासी बहन अंकिता व उनके माता पिता को न्याय दिलाने में पूर्ण भूमिका निभाएँगे।

**हाई टेंशन लाईन...** करते हुए मृतक को किसी प्रकार के सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराए गए थे। मृतक की शादी वर्ष 2023 की यानी बीते 9 दिसंबर को बढ़ापुर नगीना जनपद बिजनौर उत्तर प्रदेश निवासी सुनीता नामक युवती के साथ हुई थी।

**सिडकुल में शव...** पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मृतक के पास से कोई परिचय पत्र नहीं मिला है, उसकी शिनाख्त के प्रयास कर रही है।


## सार्वजनिक सूचना

सर्व श्री दीवान सिंह पुत्र श्री गोविंद सिंह (कोड U0463), हरीश सिंह राणा पुत्र श्री चंदन सिंह राणा (कोड U0500), दीपक सिंह बिष्ट पुत्र श्री तेज सिंह बिष्ट (कोड U0435), बसंत गोस्वामी पुत्र श्री भवान गिरी गोस्वामी (कोड U0529), राजेश शर्मा पुत्र श्री प्रेम बल्लभ शर्मा (कोड U0556), नंदन सिंह बोरा पुत्र श्री बहादुर सिंह बोरा (कोड U0338), राजेश चंद्रा पुत्र श्री शंकर दत्त (कोड U0344) आप सभी को निर्गत आरोप पत्रों के संबंध में संस्थापित घरेलू जांच की कार्यवाही में आपकी लगातार अनुपस्थति के कारण जांच अधिकारी द्वारा आपको बचाव का अंतिम अवसर प्रदान करते हुए घरेलू जांच की अगली कायवाही दिनांक 05.04.2024 को निर्धारित की गई है । आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 04.04.2024 को प्रात: 10:00 बजे कारखाने के प्रवेश द्वार पर उपस्थित होकर जांच अभिलेख प्राप्त करके निर्धारित तिथि व समय के अनुसार जांच कार्यवाही में सहयोग करें।

सूचना जानें।

**कारखाना प्रबन्धक**
मै0 लुकास टीवीएस लिमिटेड,
प्लॉट नं 55, सेक्टर 11, टाटा वेंडर पार्क , सिडकुल
रुद्रपुर ,उधम सिंह नगर , उत्तराखण्ड -263153


# दक्ष थापा का नवोदय में हुआ चयन

बागेश्वर(उद संवाददाता)।बाल विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल पीपलचौक मंडलसेरा बागेश्वर के मेधावी छात्र दक्ष थापा का जवाहर नवोदय विघालय के लिए चयन होने पर विघालय परिवार ने बधाई दी तथा छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की। जिनखोला मंडलसेरा निवासी संतोष थापा एवं रमा थापा के सुपुत्र दक्ष थापा का जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में चयन हुआ है। दक्ष थापा ने अपनी इस सफलता का श्रेय बाल विद्या मंदिर जूनियर हाइस्कूल पीपल चौक मंडलसेरा के अध्यापकों एवं अपने माता पिता को दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्य मोहिनी बिष्ट ने बताया कि विद्यालय में बच्चों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जाती है।


संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# पीएम 'मोदी की गारंटियों' से बदली चुनावी फिजाएं

## पीएम की सभा से उत्तराखंड में 'गरमाया' भाजपा का 'चुनाव प्रचार',भाजपाइयों के हौसले बुलंद, कांग्रेसी दिग्गजों के समक्ष अब रही सही जमीन बचाने की चुनौती

-अर्श-

रूद्रपुर। गत दिवस शहर के मोदी मैदान में संपन्न हुई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशाल जनसभा ने उत्तराखंड में अपेक्षाकृत ठंडे पड़े लोकसभा चुनाव के प्रचार को एक बारगी बेहद गर्म कर दिया है ।पीएम की सभा में उमड़ी भारी भीड़ से भाजपा के तमाम छोटे -बड़े नेता गदगद हुए ही, साथ ही जनसभा में प्रधानमंत्री द्वारा दी गई नई गारंटीयों से बीजेपी का आम कार्यकर्ता भी बेहद उत्साहित है और कार्यकर्ताओं का हौसला आसमान छूने लगा है । साफ शब्दों में कहे तो गुजरे दिन मोदी की सभा के दौरान समूचे रुद्रपुर का वातावरण मोदीमय हो गया और पीएम कि इस चुनावी सभा ने उत्तराखंड की चुनावी फिजा में एक अलग ही रंग घोल दिया है। वैसे तो पीएम कि इस रैली का असर उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीटों पर पड़ेगा ,लेकिन इस रैली से भाजपा को सर्वाधिक लाभ नैनीताल- उधम सिंह नगर संसदीय सीट पर मिलने की संभावना है और अब यहां पहले से मजबूत भारतीय जनता पार्टी प्रस्तावित आम चुनाव में अगर अजेय बनकर सामने आए ,तो यह कोई आश्चर्य वाली बात ना होगी । उधर पीएम मोदी की विशाल जनसभा के बाद से बदले वातावरण में कांग्रेस के इलाकाई दिग्गजों के समक्ष अपनी रही सही जमीन बचाए रखने की चुनौती अब बड़ी हो गई है। गौर तलब है कि कांग्रेस के विधानसभा के दोनों ही धुरंधर ,नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य एवं उप नेता भुवन कापड़ी के विधानसभा क्षेत्र नैनीताल- उधम सिंह नगर संसदीय सीट के अंतर्गत ही आते हैं। लिहाजा कांग्रेस



के इन दोनों ही दिग्गजों को अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में पार्टी को बढ़त दिलाकर अपनी प्रतिष्ठा बचाने के लिए कठिन परिश्रम करना होगा ।याद दिलाना होगा कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने पहाड़ की अपेक्षा मैदान में भाजपा को बड़ी ही तगड़ी चुनौती दी थी तथा नैनीताल- उधम सिंह नगर संसदीय सीट के अंतर्गत आने वाली कुछ विधानसभा सीट भाजपा से छीनने में कामयाब रही थी और उसने बाजपुर, जसपुर ,खटीमा, किच्छा एवं नानकमत्ता सीट पर जीत का परचम लहराया था। विधानसभा चुनाव में पहाड़ की अपेक्षा मैदानी क्षेत्र के अपने कमजोर प्रदर्शन को भाजपा के रणनीतिकारों ने प्रस्तावित आम चुनाव के संदर्भ में बेहद गंभीरता से लिया है और एक सोची समझी रणनीति के तहत भाजपा के स्टार प्रचारको की अधिक से अधिक सभाएं एवं कार्यक्रम मैदान की दोनों लोकसभा सीटों क्रमशः हरिद्वार एवं नैनीताल उधम सिंह नगर के अंतर्गत आयोजित करने की योजना बनाई है ।इस क्रम में रुद्रपुर में संपन्न हुई पीएम की रैली के बाद अब हरिद्वार में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की सभा आयोजित की जाएगी। मैदान में अपने प्रचारक स्टार प्रचारकों की ताकत झोंकने के पीछे भाजपा की रणनीति बेहद साफ है ,कि वह किसी भी सूरत में कांग्रेस को फ्रंट फुट पर आने का मौका नहीं आने देना चाहती। बहरहाल ,भाजपा के स्टार प्रचारकों की यह फौज मैदान की दोनों लोकसभा सीटों पर भाजपा की बढ़त को और कितना मजबूत कर पाती है ? यह तो नतीजे के बाद सामने आएगा, लेकिन इतना अवश्य है, कि नैनीताल- उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली विधानसभा सीटों के छहो कांग्रेस विधायक, अगर अपनी- अपनी सीटों पर कांग्रेस को बढ़त दिलाने में कामयाब रहते हैं? तो कांग्रेस पार्टी नैनीताल उधम सिंह नगर समिति संसदीय सीट पर भाजपा के समक्ष एक सक्षम चुनौती प्रस्तुत करने में सफल रहेगी।

## हरे भरे वृक्ष पर चला दी आरी हाईटेंशन तार जमीन पर झूले

काशीपुर( उद संवाददाता)। अलीगंज रोड पर अहाते के अंदर खड़े एक हरे भरे भारी भरकम वृक्ष को लोगों ने काटकर धराशाई कर दिया। पेड़ विद्युत तारों पर गिर पड़ा जिससे तार टूट कर जमीन पर झूल गए। इस दौरान बड़ा हादसा होते-होते टल गया। विद्युत तारों की क्षतिग्रस्त होने के कारण क्षेत्र में विधुत आपूर्ति खबर लिखे जाने तक बाधित है। जानकारी के मुताबिक टांडा उज्जैन चौराहे से अलीगंज रोड पर चलते हुए महज 100 मीटर आगे बाएं हाथ पर एक अहाते में खड़े भारी भरकम हरे भरे



वृक्ष पर कुछ लोगों ने आरी चला दी। पेड़ कट कर सड़क किनारे से होकर गुजर रहे हाई टेंशन तारों पर गिर पड़ा। तार टूट कर जमीन पर झूल गए और क्षेत्र की लाइट गुल हो गई। विद्युत तारों के क्षतिग्रस्त होने से जहां स्थानीय लोगों में खासा आक्रोश देखा गया वहीं काफी देर तक अलीगंज रोड पर आवागमन भी बाधित रहा। घटना की जानकारी फोन के माध्यम से डीजीएम अनिल वर्मा को देने पर उन्होंने खुद का पल्ला झाड़ लिया। कहा कि यह काम एसडीओ और जे ई का है। इस बारे में जब एसडीओ से संपर्क साधने पर पहले उन्होंने अनभिज्ञता जताई बाद में माना की घटना संज्ञान में है लेकिन यह पूछने पर कि अमुख व्यक्ति द्वारा किए गए नुकसान की भरपाई को लेकर क्या कोई जुर्माना अथवा कार्यवाही का प्रावधान है कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। यह प्रकरण वन विभाग के रेंजर डी एस रजवार के भी संज्ञान में है।

## मॉल में लगाये वोटर कटआउट

रुद्रपुर( उद संवाददाता) ।बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी उदय राज सिंह तथा मुख्य विकास अधिकारी (नोडल अधिकारी स्वीप) मनीष कुमार के निर्देशन में शहरी मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु रूद्रपुर स्थित मेट्रोपोलिस मॉल में वोटर कटआउट लगाए गए जहां मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा रील्स प्रतियोगिता के संबंध में भी अवगत कराया गया तथा अवगत कराया गया कि इच्छुक मतदाता रील बना के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को इंस्टाग्राम पेज पर टेग करके रील प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सकते हैं, प्रत्येक



दिन प्रथम विजेता को 1000 का इनाम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 500 का इनाम दिया जाएगा। इस अवसर पर स्वीप टीम के जिला समाज अधिकारी अमन अनिरुद्ध, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, पारस आदि उपस्थित थे।

## महिला ने लगाया शराब पिलाकर पति की हत्या करने का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मोहल्ला भूतबंगला में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में मृतक की पत्नी ने पुलिस को दी तहरीर में कुछ लोगों पर पति को शराब पिलाकर उसकी हत्या कर देने का आरोप लगाया है। लक्ष्मी देवी पत्नी स्व. चरन सिंह निवासी भूत बगला वार्ड 21 ने कहा है कि उसका पति शराबी था। विगत 1 वर्ष पूर्व वह अपने मायके गयी थी। तभी कुछ लोगों ने उसके पति चरन सिंह को शराब पिलाकर मार दिया और बिना उसे सूचना दिये उनका अंतिम संस्कार कर दिया। जब वह अपने तीन बच्चों के साथ वापस आई। उसके मकान पर कब्जा करने की नियत से उसे व उसके परिवार को भी जान से मारने की कोशिश की। उसका मकान नजूल का है। सरकार द्वारा नजूल नीति के चलते उसके पति चरन सिंह के नाम ही मालिकाना हक का पट्टा दे दिया है। जो उन लोगों ने छिपा लिया है। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

## सरकारी सेवा में चयनित पूर्व छात्रों को विद्यालय में किया सम्मानित

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल शक्तिफार्म के पूर्व छात्र हिमांशु साहनी सी आई एस ऑफ,नितिन यादव सिमा सुरक्षा बल,सुंदर सिंह फर्त्याल,प्रजोत सिंह,यश सिंह फर्त्याल का भारत तिब्बत सीमा सुरक्षा बल में चयन होने पर वरिष्ठ समाज सेवी राजेन्द्र सिंह डसीला व व्यापार मंडल अध्यक्ष रविन्द्र



अग्रवाल जी ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया साथ ही विद्यालय व बच्चों के उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी। मंच का संचालन श्रीमती प्रेमा बिष्ट व सुनीता दास ने किया। इस अवसर पर अभिभावक संदीप यादव,जयनाथ यादव,अनिल साहनी,बिंदु साहनी सहित विद्यालय प्रबंधक नवीन चंद्र जोशी ने चयनित विद्यार्थियों को प्रगति के पथ पर चलने हेतु शुभकामनाएं दी इस अवसर पर प्रधानाचार्य सदानंद विश्वास,उप प्रधानाचार्य दीपक गुरुरानी,राजकुमार मर्तोलिया,प्रदीप कुमार,रीना हालदार, प्रियंका यादव, पुष्पा फर्त्याल, तारी जोशी,ममता जोशी आदि मौजूद थे।

## ध्रुव का नवोदय विद्यालय में चयन



शक्तिफार्म (उद संवाददाता)।ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल शक्तिफार्म के छात्र ध्रुव रस्तोगी पुत्र अजय रस्तोगी का सत्र 2024-25 में कक्षा 6 के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय रुद्रपुर के लिए चयन हुआ है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक,प्रधानाचार्य,उपप्रधानाचार्य सहित समस्त स्टाफ ने ध्रुव के उज्जवल भविष्य की कामना की।

